हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com नई दिल्ली, शनिवार 15 अगस्त 2026, श्रावण मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया, वर्ष : 30, अंक : 118, पृष्ठ : 12, मूल्य : 2.00

प्रधानमंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रभावितों को किया याद

कई जिंदगियां तबाह कर दीं, परिवार उजड़े लोगों को अपनों को खोना पड़ा, पीड़ा झेली

लोगों ने जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत हालातों को उपलब्धियों में बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास का वह एक ऐसा क्षण था जिसने कई जिंदगियां तबाह कर दीं, लोगों के परिवार उजड़ गए, कई लोगों को अपनों को खोना पड़ा और लोगों ने अत्यधिक पीड़ा झेली। ऐसी स्थिति में भी लोगों ने शून्य से शुरू कर अपना जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत परिस्थितियों को उपलब्धियों में बदला और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन लोगों का जीवन सभी को मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने तथा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे। पीएम ने देश की प्रगति में अमूल्य योगदान देने वाले सभी देशवासियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी से सद्भावना और एकजुटता की राष्ट्रीय भावना को सशक्त करने का आह्वान किया।

इतिहास के क्षणों को याद किया

स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी

सद्भाव और भाईचारे के संकल्प को बढ़ाएं

पीएम मोदी ने कहा, विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को हम याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण कई जिंदगियों को तहस-नहस कर देने वाला था। इन पर विजय प्राप्त करते हुए विपत्ति को सफलता में परिवर्तित किया। राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया। उनकी जीवन यात्राएं हमें मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाती हैं। आशा है कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से सब कुछ संभव होगा

प्रधानमंत्री ने एक सुभाषितम साझा करते हुए इस बात पर बल दिया कि परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से ही विविध कलाएं, विज्ञान, तकनीकी कौशल, शिल्प तथा नवाचार विकसित होते हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए, किसी को भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए बल्कि साहस, कर्मठता और निरंतर प्रयास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से रहना चाहिए।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा

बंटवारे का दंश इतिहास कभी नहीं भूल पाएगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 14 अगस्त, 1947 का दिन इतिहास के सबसे क्रूर अध्यायों में से एक का साक्षी है और देश के बंटवारे का यह दंश 'कांग्रेस की देन है' जिसे इतिहास कभी नहीं भूल नहीं पाएगा। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमानवीय पीड़ा सहते हुए लाखों लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा और करोड़ों लोगों को घर, संपत्ति और अपनों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इस विभीषिका में प्राण गंवाने वाले और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को ▶▶ शेष पेज 7 पर



नई दिल्ली
शनिवार 15 अगस्त 2026

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

विदेशी नेताओं से जुड़ी टिप्पणी को हमेशा सम्मान के दायरे में रखा जाना चाहिए

इटली की प्रधानमंत्री को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय की नसीहत

- एफसीआरए विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने के मामले में खारिज किया अमेरिकी हस्तक्षेप का आरोप
- यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हाल ही में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को लेकर की गई

टिप्पणी के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने बेहद सधे हुए अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर पूछे गए एक सवाल के उत्तर में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ▶▶ शेष पेज 7 पर

राहुल ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

बताते चलें कि कांग्रेस नेता ने पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार की विदेश नीति केवल दुनिया के बाकी देशों के नेताओं को गले लगाने तक ही सीमित रह गई है। इटली की प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए राहुल ने अपने इस बयान को कांग्रेस के एक अन्य नेता व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को गले लगाते हुए प्रदर्शित की थी। राहुल ने यह भी कहा कि सोचिए कितनी अज्ञानता है। उन्हें यह विचार कहां से आया कि विदेश नीति का मतलब नेताओं को गले लगाना है?

एफसीआरए भारत का आंतरिक मामला

रणधीर ने एफसीआरए विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपे जाने को लेकर अमेरिकी दखल से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि यह विधेयक देश की आंतरिक विधायी प्रक्रिया का हिस्सा है। जिसे लेकर देश की संसद को निर्णय ▶▶ शेष पेज 7 पर

डीजलः घरेलू जरूरतों पर ध्यान

ब्रीफिंग में बांग्लादेश में बढ़ते बिजली संकट के बीच उसके द्वारा भारत से लगाई गई मदद की गुहार को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में पड़ोसी देश के साथ हमारी एक स्थापित व्यवस्था के साथ ▶▶ शेष पेज 7 पर

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

नार्वे के विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान में जम्मू-कश्मीर को लेकर दिए गए एक हालिया बयान को लेकर उन्होंने कहा कि लद्दाख समेत समूचा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान के अवैध कब्जों वाले इलाकों में जारी हिंसा, ▶▶ शेष पेज 7 पर

नालसार, हैदराबाद विवि में सीजेआई का विरोध करने वाले छात्रों का पंजीकरण रोकने पर बार काउंसिल को फटकार

सीजेआई बोले- छात्र 'गलत' हों तब भी उन्हें विरोध का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को हैदराबाद स्थित नालसार (नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च) कानून विश्वविद्यालय विवाद पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि छात्रों का फैसला भले ही गलत हो, लेकिन उन्हें



> *सुप्रीम कोर्ट ने किसी छात्र या फैकल्टी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया*

अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का ▶▶ शेष पेज 7 पर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अवकाश

इस अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त सोमवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

खबर संक्षेप

15 करोड़ की ड्रग्स के साथ महिला अरेस्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन से राजस्व

खुफिया निदेशालय ने खुफिया सूचना पर महिला तस्कर से 6 किलो 325 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद किया है। महिला तस्कर ने ड्रग्स को ट्रॉली बैग के अंदर चेंबर बनाकर छिपा रखा था। महिला नई दिल्ली से बेंगलुरू जा रही थी। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 15 से 20 करोड़ रुपए या उससे अधिक है।

फ्लाइट रद्द होने पर महिला ने की तोड़फोड

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की फ्लाइट अचानक रद्द

होने के बाद एक महिला यात्री ने जमकर हंगामा किया। बच्चे के इलाज के लिए कोलकाता जा रही महिला ने आक्रोश में आकर एयरपोर्ट के उपकरणों में तोड़फोड़ की, जिससे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को लगभग 49,000 का नुकसान हुआ है। आरोपी महिला यात्री की पहचान मामोनी खरात के रूप में हुई है, जिन्हें इंडिगो की उड़ान (6ई 7352) से कोलकाता जाना था।

नई दिल्ली पहले ही मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दखल देने और पाकिस्तान की जवाबदेही तय करने की बात कह चुकी है

भारत को कश्मीर में मानवाधिकारों का पाठ पढ़ाने वाले पाकिस्तान को बलूचों ने दिखाया आईना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर को लेकर अक्सर भारत को मानवाधिकारों का पालन करने की नसीहत देने वाले पाकिस्तान को बलूचिस्तान के लोगों ने आईना दिखा दिया है। मामला बीते 11 अगस्त यानी बलूचिस्तान द्वारा घोषित किए गए आजादी के दिन से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान ने अमेरिका की तरफ से दिए गए एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर वहां कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। नतीजा बड़ी तादाद (30) में महिलाओं और मासूम बच्चों की मौत के रूप में सामने आया है। बलूच नेताओं ने पाकिस्तान की इस नापाक कारगुजारी को लेकर अमेरिका की भूमिका पर भी गंभीर सवालिया निशान लगाया है। साथ ही यह मांग भी की है कि वो पाकिस्तान को दी जाने वाली हर प्रकार की सैन्य मदद पर तत्काल आधार पर रोक लगाए। जिसमें एफ-16 विमानों के अपग्रेड, रखरखाव और कलपुर्जों की सप्लाई का मामला शामिल है। वहीं, ये भी स्पष्ट कर दें कि यह पहला मामला नहीं है, जब पाकिस्तान ने इस तरह से एफ-16 विमानों का उपयोग किया हो। पूर्व में उसके द्वारा पीओके के खैबर-पख्तूनख्वा इलाके में इन विमानों द्वारा बड़ी तबाही मचाई जा चुकी है।

11 अगस्त को बलूचिस्तान में किए गए नरसंहार के लिए एफ-16 विमानों के इस्तेमाल पर अमेरिका से दखल देने की मांग की

एआई इमेज

पाकिस्तान से आजादी की घोषणा हो चुकी

बलोच नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में 11 अगस्त को ही पाकिस्तान से स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी थी। जिसके पीछे उन्होंने पाकिस्तान द्वारा उनके इलाके में की जा रही हिंसा, अपहरण और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन को मुख्य वजह बताया है। भारत समेत विश्व के बाकी देशों से मामले पर समर्थन करने की अपील भी बलूच नेता द्वारा की गई है।

पाकिस्तान के पास एफ-16 की 5 स्क्वाड्रन

गौरतलब है कि पाकिस्तान के पास एफ-16 लड़ाकू विमानों की कुल संख्या करीब 85 है। इस लिहाज से देखें तो इसकी 5 स्क्वाड्रन बनती हैं। जिनमें से एक में विमानों की संख्या 16 से 18 है। 85 में से 66 विमान पुराने ब्लॉक-15 वाले हैं। जबकि 19 का संबंध नए ब्लॉक यानी 52 वेरिएंट के हैं। कुछ एफ-16 विमान अलग-अलग संघर्षों में नष्ट हो चुके हैं। इसके बाद अभी फिलहाल पाकिस्तान के हवाई बेड़े में

दुनिया आगे आए, पाक को जिम्मेदार ठहराए

बलूच नेता मीर यार बलोच ने इस मुद्दे पर बनी हुई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुप्पी पर सवालिया निशान लगाए हैं। साथ ही उन्होंने दुनिया के अन्य दूसरे देशों से पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की भी मांग की है। बलोच का यह भी कहना है कि पाकिस्तान को युद्ध अपराध का

भारत पहले ही जता चुका विरोध

उधर, बलूचिस्तान में जारी पाकिस्तानी हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मसले पर भारत पहले ही अपने पड़ोसी दुश्मन देश को यह हिदायत दे चुका है कि उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से लेकर अपने कब्जे वाले अन्य इलाकों में आम जनता की आवाज को सैन्य बल के दम पर दबाने का कथित प्रयास बंद करना चाहिए। पीओके में हुई हिंसा में अब तक कुल करीब 90 लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे में अब वैश्विक समुदाय की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह पाकिस्तान को मानवाधिकार उल्लंघन, सैन्य हिंसा और मासूम लोगों के कत्लेआम के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए।

आज लालकिले से गूंजेगा आजादी का संदेश, पीएम मोदी करेंगे देश को संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश शुक्रवार को अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर पर आयोजित होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र को संबोधित करेंगे। समारोह को लेकर लाल किले और राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। समारोह की शुरुआत निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार होगी। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इसके बाद भारतीय वायुसेना के दो एमआई-17 हेलीकॉप्टरों से लाल किले के परिसर में पुष्प वर्षा की जाएगी। पुष्प वर्षा के बाद प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित ▶▶ शेष पेज 7 पर

पहली बार लाल किले से गूंजेगा 'वंदे मातरम'

इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विशेष आकर्षण राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ और भारत की युवा शक्ति पर केंद्रित आयोजन होगा। समारोह के माध्यम से विकसित भारत के 2047 के लक्ष्य की दिशा में युवाओं की ऊर्जा, आकांक्षाओं और महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया जाएगा। लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया जाएगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट और 'माई भारत' के स्वयंसेवक राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद राष्ट्रगान होगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

राष्ट्र सर्वोपरि, फिर न हो विभाजन त्रासदी की पुनरावृत्तिः उपराष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि देश को आज जो स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकार हासिल हैं, वे पूर्वजों के महान त्याग और बलिदान का परिणाम हैं।

प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखे और इस स्वतंत्रता का सम्मान करे। नई दिल्ली में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि विभाजन के दौरान देश ने जो भयावह परिस्थितियां देखीं, उनकी पुनरावृत्ति कभी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म या क्षेत्र से ऊपर राष्ट्र का हित है और देश की एकता एवं अखंडता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

आज से दो दिवसीय तमिलनाडु दौरे पर

इस बीच, उपराष्ट्रपति रविवार से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह चेन्नई, चेंगलपट्टू, तिरुवरूर और तंजावुर में विभिन्न शैक्षणिक, स्मारक और साहित्यिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राधाकृष्णन रविवार को चेंगलपट्टू में एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 22वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद चेन्नई में नागालैंड, मणिपुर और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ला. गणेशन की पहली पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह हिंदू मुन्नानी के संस्थापक दिवंगत के. रामगोपालन के विचारों और लेखन पर आधारित पुस्तक 'इकोस ऑफ ए नेशनलिस्ट माइंड' का विमोचन भी करेंगे। सोमवार को उपराष्ट्रपति तिरुवरुर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ तमिलनाडु के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद तंजावुर में सस्त्रा डीम्ड यूनिवर्सिटी के रजत एवं रजत-जयंती समापन समारोह में हिस्सा लेंगे।

अमृत उद्यान आज से खुल गया, प्रवेश मुफ्त, मगर ऑनलाइन बुकिंग सिक्योरिटी के लिहाज से जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में अमृत उद्यान के समर एनुअल्स एडिशन-2026 का उद्घाटन किया। उद्यान रविवार से 15 सितंबर तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। अमृत उद्यान में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। अंतिम प्रवेश शाम 5 बजे तक होगा। रखरखाव के कारण उद्यान प्रत्येक सोमवार को बंद रहेगा।

मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा

उद्यान में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है, लेकिन आगंतुकों को पहले ऑनलाइन स्लॉट बुक करना होगा। बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से की जा सकती है। किसी खास दिन के लिए स्लॉट की ऑनलाइन बुकिंग पिछले दिन सुबह 10 बजे बंद हो जाएगी। मौके पर बुकिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आगंतुकों की सुविधा के लिए उद्यान परिसर में मार्ग के विभिन्न स्थानों पर पीने के पानी, प्राथमिक उपचार, बारिश से बचाव के लिए रेन शेल्टर और शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से अमृत उद्यान के प्रवेश द्वार तक शटल बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। यह बस हर 30 मिनट के अंतराल पर सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध होगी।

रेल भवन में गूंजा वंदे मातरम

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिया एकता का संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को रेल भवन देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन परिसर में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। भारतीय रेलवे इस वर्ष देशव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। रेलवे

मंत्रालय के अनुसार, अभियान का उद्देश्य रेलवे संगठन में देशभक्ति, राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 7 पर

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व वीरता और सेवा पदक का ऐलान

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

पैरामिलिट्री फोर्स में सर्वाधिक सीआरपीएफ को मिले 86 पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वीरता और सेवा पदक का ऐलान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स को सबसे ज्यादा (86) पदक मिले हैं। अधिसूचना के मुताबिक देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल को 24 वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 5 राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए 57 पद मिले हैं।

दिनकरन ने अर्धसैनिक बल में लंबी सेवा दी

सीएपीएफ को मिले 20 पदक

लगभग 3 लाख 25 हजार कर्मियों वाली सीआरपीएफ देश की मुख्य आंतरिक सुरक्षा बल है। इसकी यूनिट्स मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों में तैनात है। इनमें नक्सल विरोधी ऑपरेशन, जम्मू कश्मीर में आतंकवाद रोधी ▶▶ शेष पेज 7 पर

एस. दिनकरन पहले एसपीजी में रह चुके हैं। वर्तमान में वह चेन्नई के अवादी में सीआरपीएफ रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर चीफ हैं। धिनकरन ने पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक अर्धसैनिक बल में सेवा की है। इसमें उन्होंने नक्सल विरोध ऑपरेशन के दौरान यूनिट्स की कमान संभाली है। सीआरपीएफ के इंटेलिजेंस और वीआईपी सुरक्षा विंग को लीड किया है। डीआईजी को उनकी लंबी और विशिष्ट सेवा, ईमानदारी के लिए दिया है।

अडाणी डिफेंस सिस्टम्स और बीईएमएल के साथ एचएएल ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

समझौतों के मुताबिक, अडाणी डिफेंस हेलीकॉप्टरों के 42 और बीईएमएल 48 मुख्य ढांचा का निर्माण करेगा

देश में बनेगा हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' का मुख्य ढांचा, निजी क्षेत्र की होगी भागीदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब स्वदेशी हल्के युद्धक हेलीकॉप्टर, 'प्रचंड' का मुख्य ढांचा यानी धड़ को देश के अंदर बनाया जाएगा। जिसमें पहली बार निजी क्षेत्र को शामिल किया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारतीय उद्योग जगत के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। जिसके तहत अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के साथ समझौते किए गए हैं। एचएएल ने शुक्रवार को एक बयान के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि इन समझौतों की मदद से एलसीएच के धड़ का निर्माण किया जाएगा। जिससे देश में हेलीकॉप्टर उत्पादन तंत्र को मजबूती मिलेगी।

तैयार किए जाएंगे 90 ढांचे

समझौतों के मुताबिक, अडाणी डिफेंस हेलीकॉप्टरों के 42 धड़ का निर्माण करेगा। जबकि बीईएमएल 48 को बनाएगा। समझौतों को लेकर की गई औपचारिक हस्ताक्षर प्रक्रिया में एचएएल के हेलीकॉप्टर डिवीजन के महाप्रबंधक तुषार रंजन बेहेरा शामिल हुए। वहीं, दूसरी ओर बीईएमएल की तरफ से इसमें उनके एयरोस्पेस और मैरीटाइम के कार्यकारी निदेशक कमोडोर (सेवानिवृत्त) आर.जी.के राव ने भाग लिया। अडाणी डिफेंस की तरफ से उपाध्यक्ष प्रसन्न कार्तिक मौजूद रहे। इन सभी के अलावा तीनों पक्षों से वरिष्ठ अधिकारियों की भी उक्त हस्ताक्षर प्रक्रिया के दौरान उपस्थिति रही।

एयरोस्पेस इकोसिस्टम की बढ़ेगी ताकत

एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) रवि.के ने समझौतों को लेकर कहा कि यह साझेदारी ▶▶ शेष पेज 7 पर


माटी का मान
मातृभूमि की शान
देशभक्ति का रंग चढ़ा
तिरंगा ही अभिमान
हरियाणा सरकार
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त, 2026
"आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह दिन हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। जय हिंद !"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चीनी मांझे की 45 चरखियां जब्त, दो गिरफ्तार



एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित चीनी मांझा रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 45 चरखियां जब्त की हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान हारून रशीद (40) और पवन (46) के रूप में हुई है, जिन्हें गुप्त जानकारी के बाद पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि एक टीम ने चांदनी महल के पास रशीद से चीनी मांझे की 17 चरखियां जब्त कीं, जबकि दूसरी टीम ने नबी करीम में पवन के पास से प्रतिबंधित मांझे की 28 चरखियां बरामद कीं। पुलिस ने बताया कि इस बाबत दो प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और आगे की जांच की जा रही है।

चीन से जुड़े साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की पुलिस ने चीन में बैठे साइबर ठगों को 'म्यूल' (कमीशन पर मिलने वाले) बैंक खाते उपलब्ध कराने और ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदलने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इस बाबत हरियाणा व उत्तर प्रदेश से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश में मेरठ निवासी गीतम सिंह (29), इटावा निवासी ध्रुव (21), अनुज शर्मा (27) और इटावा निवासी गगन यादव (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले का खुलासा 17 जुलाई को दर्ज ई-प्राथमिकी की जांच के दौरान हुआ। इस मामले में शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे सोशल मीडिया मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के जरिए घर से काम करने वाली आकर्षक नौकरी की पेशकश की गई और उसे ऑनलाइन कार्य पूरा करने के लिए पहले सुरक्षा राशि जमा करने को कहा गया और जब उसने पैसा निकालने की कोशिश की तो अलग-अलग बहानों से और रकम जमा करने के लिए कहा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस तरह शिकायतकर्ता से कुल 12 लाख रुपये की ठगी हुई।

दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित गोयल ने बताया कि जांच के दौरान टेलीग्राम पर इस्तेमाल किए गए खातों के तकनीकी विश्लेषण से उनके चीन में स्थित आईपी एड्रेस से जुड़े होने का पता चला। उन्हें बताया कि रकम के लेनदेन की जांच में ठगी की कुछ राशि गगन यादव के बैंक खाते में पहुंचने का पता चला। इस खाते का विवरण चीन स्थित ठगों ने शिकायतकर्ता को दिया था। पुलिस के अनुसार, तकनीकी निगरानी से पता चला कि बैंक खाते का संचालन गुरुग्राम से हो रहा है जिसके बाद यादव के खाते का संचालन कर रहे गीतम सिंह को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ में पता चला कि वह चीन स्थित साइबर ठगों को म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराता था और ठगी की रकम को यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदलता था। अधिकारी ने बताया कि उसके मोबाइल फोन, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम चैट की जांच में चीन स्थित साइबर ठगों के साथ सीधे संपर्क का भी पता चला। डीसीपी ने बताया कि गीतम से पूछताछ के आधार पर ध्रुव को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से अलग-अलग खाताधारकों की नौ बैंक पासबुक, पांच सिम कार्ड, एक मोबाइल फोन और बैंक खाते उपलब्ध कराने पर मिले कमीशन का रिकॉर्ड रखने वाला एक रजिस्टर बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, ध्रुव ने बताया कि अनुज शर्मा ने गगन यादव का बैंक खाता खुलवाने में मदद की थी और खाते से जुड़ा सिम कार्ड अनुज के नाम पर था। इसके बाद अनुज को नोएडा से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें कमीशन के भुगतान से संबंधित चैट थी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उत्तर प्रदेश के इटावा से गगन यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने गिरोह को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने के बदले कमीशन मिलने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, गिरोह टेलीग्राम के जरिए लोगों को घर से काम करने वाली नौकरी का झांसा देता था और अधिक मुनाफे का लालच देकर उनसे सुरक्षा राशि जमा कराता था। बाद में उन्हें पैसे निकालने नहीं दिया जाता था और अधिक पैसा जमा करने के लिए कहा जाता था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से नौ बैंक पासबुक, पांच सिम कार्ड, छह मोबाइल फोन और कमीशन के लेनदेन का एक रिकॉर्ड रजिस्टर बरामद किया गया है पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हाईकोर्ट और कई अन्य सरकारी कार्यालयों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 और राष्ट्रीय राजधानी में कई अन्य सरकारी कार्यालयों को स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने तलाशी और सुरक्षा जांच के बाद सभी धमकियों को फर्जी करार दिया।

एक पुलिस सूत्र ने कहा कि दिल्ली छावनी स्थित एसडीएम कार्यालय को पूर्वाह्न 11:18 बजे, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल 3 को पूर्वाह्न 11:32 बजे, जामनगर हाउस को पूर्वाह्न 11:40 बजे, साकेत एसडीएम कार्यालय को पूर्वाह्न 11:42 बजे और झंडेवालान अग्निशमन नियंत्रण कक्ष को पूर्वाह्न 11:57 बजे बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल मिले। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अग्निशमन सेवा की टीमें सभी पांच स्थानों पर पहुंचीं और इन सभी धमकियों को फर्जी करार दिया। अदालत के सूत्रों के अनुसार, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल दिल्ली पुलिस के संपर्क में हैं। सूत्रों ने बताया कि ईमेल में अपराह्न दो बजकर 11 मिनट पर दिल्ली उच्च न्यायालय में विस्फोट करने की बात कही गई है। सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता और खोजी कुत्तों का दल उच्च न्यायालय परिसर में तैनात किया गया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राजधानी में स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण कई एजेंसियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर तलाशी और सुरक्षा जांच शुरू कर दी है। वे हाई अलर्ट पर भी हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन पालीवाल पुत्र श्री अरुण पालीवाल निवासी मकान नंबर 303, मेन बाजार, पाना उद्यान, नरेला, दिल्ली** ने **CT No. 2462/2019 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना नरेला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन पालीवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन पालीवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT No. 2462/2019 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना नरेला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नवीन पालीवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री ऋषभ कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर, कोर्ट नं. 116, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/11307/ON/2026(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इरफ़ान पुत्र मुन्ना निवासी औचंदी रोड, प्लॉट नं. एच-541, पतासे वाली गली, बवाना, दिल्ली** ने एफआईआर नं./सीसी नं. **26/2024, अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफ़ान** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफ़ान** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./सीसी नं. **26/2024, अन्तर्गत धारा 279/338 आईपीसी, थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफ़ान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/11111/OND/2026 (Court Matter)

नीट प्रश्नपत्र लीक मामला

जांच की मांग संबंधी सीबीआई की याचिका को अदालत ने किया स्वीकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में और जांच की मांग संबंधी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका शुक्रवार को स्वीकार कर ली। एजेंसी के सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि नये डिजिटल सबूत सामने आए हैं और केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट से कुछ अहम बातें पता चली हैं, इसलिए इस मामले की गहराई से जांच करने की जरूरत है। सरकारी वकील ने कहा कि सीबीआई को उन लोगों की भूमिका की जांच करने की जरूरत है, जिन्हें अभी तक आरोपियों के तौर पर सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 13 आरोपियों को इस याचिका का विरोध करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने एजेंसी को मामले की और जांच करने की इजाजत दे दी। कुछ आरोपियों के वकीलों ने इस याचिका का विरोध किया था।

अदालत ने 12 अगस्त को सीबीआई के आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया दोषी करार देने के लिए ऐसे पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, जिनसे पता चलता है कि 13 आरोपियों ने जिनमें विषय विशेषज्ञ पीवी कुलकर्णी (रसायन विज्ञान), मनीषा संजय हवलदार (भौतिकी) और मनीषा गुरुनाथ मांढरे (जीव विज्ञान) शामिल हैं गैर कानूनी तरीके से पैसे कमाने के लिए प्रश्नपत्र लीक करने और उसका प्रसार करने के मकसद से एक गिरोह बनाया था। नीट-यूजी चिकित्सा पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित किया जाता है। एनटीए ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए 3 मई को हुई नीट-यूजी परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के चलते 12 मई को रद्द कर दिया था। इसके बाद 21 जून को पुनर्परीक्षा आयोजित की गई थी।

टिल्लू गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- दो पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने टिल्लू ताजपुरिया-कौशल चौधरी-गुरविंदर बाबा गिरोह के तीन कथित शूटर को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी हेमंत उर्फ मोनू (33), नयन अग्रवाल (25) और दुर्गेश राय उर्फ डेविल (22) के रूप में की है। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में गिरोह के सक्रिय सदस्यों के बारे में मिली खुफिया जानकारी को लेकर 10 दिनों से अधिक समय तक निगरानी रखने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि हेमंत और अग्रवाल को एक गुप्त सूचना के बाद दो अगस्त को पश्चिम विहार के एक जिला पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया, जबकि दुर्गेश को आठ अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने हेमंत और अग्रवाल के पास से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बाद में एक और पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान, हेमंत और अग्रवाल ने खुलासा किया कि वे हथियारों और कारतूसों की खेप लेने के लिए गुरविंदर उर्फ बाबा के निर्देश पर मई में पंजाब के जीरकपुर गए थे। गुरविंदर वर्तमान में अमेरिका में है। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने गुरविंदर द्वारा साझा किए गए स्थान पर एक खेत से हथियार एकत्र किए और बाद में उन्हें दिल्ली में अपने एक सहयोगी को सौंप दिया। अधिकारी ने कहा, ₹वे रंगदारी वसूलने की कोशिश में मई में चंडीगढ़ में दो सैलून में भी गए थे, लेकिन साजिश को अंजाम नहीं दे सके। इसके बाद वे फिर से इन्हें निशाना बनाने की तैयारी में थे पर पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।₹ पुलिस के मुताबिक, गुरविंदर बाबा के निर्देश पर दुर्गेश ने पहले हरियाणा के करनाल में एक घर पर गोलीबारी की थी। वह राजस्थान में दर्ज अपहरण और लूट के एक मामले में भी आरोपी है।

पैरोल लेकर हो गया था फरार

14 महीने के बच्चे की हत्या का दोषी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 14 महीने के बच्चे के अपहरण और हत्या के दोषी को गिरफ्तार कर लिया है, जो पैरोल लेकर फरार हो गया था। वह उम्र कैद की सजा काट रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कलीम शेख को अक्टूबर 2024 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 45 दिनों की पैरोल दी गई थी, लेकिन इसकी समाप्ति के बाद उसने जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि दोषी को एक गुप्त सूचना के बाद 12 अगस्त को गांधी नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। वह दो साल से ज्यादा वक्त से फरार था। जनवरी 2013 में बच्चे के लापता होने के बाद खजूरी खास थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान, बच्चे का शव बरामद किया गया और हत्या और अपहरण से संबंधित धाराएं प्राथमिकी में जोड़ी गईं। शेख को गिरफ्तार किया गया और बाद में छह दिसंबर, 2017 को कड़कड़डूमा अदालत ने उसे दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

ऋण धोखाधड़ी के आरोप में दो भाई गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से 1.10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी अरुण सिंह (23) और रवि कुमार (26) को गाजियाबाद के वैशाली में उनके किराए के आवास से पकड़ा गया। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार, बैंक ऋण लेने के दौरान पीड़ित से एक व्यक्ति ने खुद को कर्ज प्रक्रिया से जुड़ा अधिकारी बताकर संपर्क किया। आरोपी ने फाइल प्रक्रिया और ऋण मंजूरी के नाम पर पैसे मांगे। इसके बाद पीड़ित ने 1.10 लाख रुपये उसके खाते में स्थानांतरित कर दिए। इस संबंध में 21 जुलाई को शाहदरा में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान, पुलिस ने लेनदेन, मोबाइल नंबर और कॉल रिकॉर्ड का पता लगाया, जिसके बाद रवि की गिरफ्तारी हुई। बाद में पुलिस ने अरुण को भी गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज में रवि को एटीएम से ठगी के पैसे निकालते हुए देखा गया। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने उस खाते से जुड़ा एक एटीएम कार्ड बरामद किया है जिसमें 70 हजार रुपये आए थे। साथ में दो मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि उसके फोन में ग्राहक का विवरण व अन्य व्यक्ति के नाम पर जारी कर्मचारी पहचान पत्र (आईडी कार्ड) भी बरामद किया है। पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

बस की चपेट में आने से छात्रा की मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में शुक्रवार को डीटीसी बस की चपेट में आने से आठवीं कक्षा की एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पीड़िता अपने चाचा के साथ स्कूटर पर स्कूल जा रही थी, तभी सुबह करीब आठ बजे एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बस चालक, 45 वर्षीय एस के मुराद को बाद में पकड़ लिया गया। वह दुर्घटना के बाद भाग गया था।

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
सीआईएनः L52324DL1981PLC012033
पंजीकृत कार्यालयः जी–4, सामुदायिक केंद्र, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
निवेशकों के लिए ई–मेल आईडीः rekha.srivastava2016@gmail.com टेलीफोनः 011–25774212–214

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए गैर–लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(आंकड़े लाख में)

विवरण	स्टैंडअलोन परिणाम				समेकित परिणाम			
	30.06.2026 को समाप्त तिमाही	31.03.2026 को समाप्त तिमाही	30.06.2025 को समाप्त तिमाही	31.03.2026 को समाप्त वर्ष	30.06.2026 को समाप्त तिमाही	31.03.2026 को समाप्त तिमाही	30.06.2025 को समाप्त तिमाही	31.03.2026 को समाप्त वर्ष
	(अलेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)	(अलेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)	(अलेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)	(अलेखापरीक्षित)	(लेखापरीक्षित)
परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	–	–	–	–	–	–	–	–
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें)	–2.69	–11.29	–0.51	22.70	–2.69	–8.86	–0.51	–13.25
कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	–2.69	–11.29	–0.51	22.70	–2.69	–8.86	–0.51	–13.25
कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	–2.69	–9.06	–0.51	16.99	–2.69	–6.63	–0.51	–18.96
अवधि के लिए कुल व्यापक आय [लाभ/ (हानि) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)	–2.69	–9.06	–0.51	16.99	110.39	172.41	172.69	446.81
चुकी हुई इक्विटी शेयर पूंजी	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00
आरक्षित निधि (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए गए पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर)	–	–	–	–215.64	–	–	–	4079.27
प्रति शेयर आय (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए)								
मूलः	–0.04	–0.13	–0.01	0.24	1.57	2.45	2.45	6.42
तनुकृतः	–0.04	–0.13	–0.01	0.24	1.57	2.45	2.45	6.42

नोटः
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। पूर्ण तिमाही वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः http://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14.08.2026

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
(निवेदन भारद्वाज)
प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 00040191)

कूड़ा बीनने वाले नाबालिग से कुकृत्य का मामला

अदालत ने दोषी की सजा रखी बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 11-वर्षीय बेघर बच्चे से कुकृत्य करने के आरोपी की दोषसिद्धि में हस्तक्षेप करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि सड़कों पर गुजारा करने वाले बच्चे से तारीख, समय या कपड़ों का विवरण उतना सटीकता से देने की उम्मीद नहीं की जा सकती जितनी कि एक व्यवस्थित माहौल में रहने वाले गवाह से की जाती है। आरोपी की याचिका पर 10 अगस्त को पारित फैसले में न्यायमूर्ति चंद्रशेखरन सुधा ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 (कुकृत्य) और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम की धारा-छह (गंभीर रूप से यौन हमला) के तहत उसे दोषी ठहराने संबंधी निचली अदालत के अगस्त 2025 का निर्णय बरकरार रखा। हालांकि, न्यायाधीश ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई 20 साल जेल की सजा को घटाकर 10 साल कर दिया। इस बारे में अदालत ने यह आधार दिया कि अपराध के समय इस कुकृत्य के लिए 10 साल की सजा का प्रावधान था। पॉक्सो अधिनियम की धारा-छह के तहत न्यूनतम 20 वर्ष की सजा का प्रावधान 16 अगस्त 2019 से लागू हुआ था।

नाबालिग ने आरोप लगाया था कि नवंबर 2016 में जब वह कश्मीरी गेट स्थित रेलवे पुल के नीचे सो रहा था, तब आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। जब नाबालिग ने क्षेत्र में बेघर लोगों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने वाले कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को घटना की जानकारी दी, तो उन्होंने पुलिस हेल्पलाइन पर इसकी सूचना दी थी। आरोपी के वकील ने दावा किया कि उसे फंसाया गया है और दलील दी कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि लड़के की उम्र 12 वर्ष से कम थी। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के समय लड़के ने जो कपड़े पहने थे, उन्हें लेकर उसके बयान में कई विरोधाभास थे। बचाव पक्ष की दलील को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि अपनी सटीक उम्र या जन्म तिथि या अन्य विशिष्ट विवरण बताने में लड़के की असमर्थता का लाभ आरोपी को नहीं मिलेगा। अदालत ने कहा कि हालांकि अपनी गवाही में पीड़ित ने दावा किया था कि उसकी उम्र लगभग 15 वर्ष थी, लेकिन उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि को देखते हुए उससे सटीक उम्र जानने की उम्मीद करना अवास्तविक है। अदालत ने कहा कि स्कूल के रिकॉर्ड में उसकी जन्म तिथि 12 अक्टूबर 2005 दर्ज है, जिससे तय होता है कि घटना के समय उसकी उम्र 11 वर्ष थी। अदालत ने कहा कि नाबालिग लड़के द्वारा दी गई सभी गवाहियों में आरोपी की पहचान, घटना का स्थान, यौन उत्पीड़न की प्रकृति और घटना के तुरंत बाद के घटनाक्रम का क्रम मूल रूप से एक जैसा रहा। अदालत ने कहा कि घटना के सही समय, लड़के द्वारा पहने गए कपड़ों के विवरण और रंग, तथा एनजीओ के कर्मचारियों और पुलिस के मौके पर पहुंचने के सटीक क्रम को लेकर जो विसंगितयां सामने आई हैं, वे कुकृत्य के आरोप को कमजोर नहीं करते। अदालत ने यह भी माना कि नाबालिग के शरीर पर चोटों का निशान न होना उसकी "सुसंगत और विश्वसनीय गवाही पर संदेह करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प जीन्द	जीन्द जिले में सफीदों में 550 वर्गफुट श्रेणी-IV आवास सहित लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (माननीय सी.एम. घोषणा कोड सं. 25932 दिनांक 03.04.2022)	बंद होने की तिथि 07.09.2026	540.63 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398098075 pwdeepdjind@gmail.com
2	पंचायती राज पंचकूला	हथिया – गांव हथिया, जी.पी. उत्तरों, ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में प्रेम सिंह के मकान से आर/वॉल और गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 1 कार्य।	13.08.2026 19.08.2026	4.93 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
3	पंचायती राज गन्नौर	गांव बजाना कलां, ब्लॉक गन्नौर, सोनीपत में नाला (बाबा समाध से राजबीर पुत्र श्री पृथी तक) का निर्माण, स्कीम का नाम वीएएनजीवाई + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 25.08.2026	16.66 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7015771521 sdoprganaur1@gmail.com
4	पंचायती राज पंचकूला	हथिया – गांव हथिया, जीपी उत्तरों, ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में मेन रोड से गांव तक गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 1 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	34.83 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
5	पंचायती राज पंचकूला	धनदारडु – गांव धनदारडु, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में राजकुमार के फार्म से सती मंदिर तक आर/वॉल का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 1 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	7.46 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
6	पंचायती राज गन्नौर	गांव भोरा रसुलपुर ब्लॉक गन्नौर में बीसी चौपाल का निर्माण, स्कीम का नाम – वीएएनजीवाई + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 27.08.2026	18.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8168237223 sdoprganaur1@gmail.com
7	पंचायती राज रोहतक	गांव रिटौली में जीवीएच का पुनरोद्धार + 10 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	192.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in
8	पंचायती राज करनाल	पिंगली, गांव पिंगली, ब्लॉक चिराव में व्यायामशाला (दो एकड़) का निर्माण, स्कीम एचजीवीवाई + 9 कार्य।	12.08.2026 22.08.2026	309.77 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in
9	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार	उप मण्डल सं. 2, हिसार के अधिकार-क्षेत्र के तह चालक, इंधन, फोल्डेबल ट्यूब 150 मी., हैल्पर समेत ट्रैक्टर बर्मा को किराये पर लेना + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 19.08.2026	20.23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01662-247033 eephisar@gmail.com
10	सब्जियों के लिए बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र (एलएलपी) विभाग हरियाणा घरसुंडा, करनाल	संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत के लिए अल्प अवधि ई-निविदा।	17.08.2026 02.09.2026	ईएमडी 12000	https://etenders.hry.nic.in	9729303303 ddh.cev@gmail.com
11	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी	बधवाना डिस्टी. के आरडी 87500आर, आरडी 97630-आर, आरडी 10100-आर के लिए स्थलों की शर्तों के अनुरूप मोटर्स को चलाने के लिए आवश्यक केडब्ल्यूपी सोलर पीवी मॉड्यूल्स और सोलर वीएफडी/एमपीपीटी कंट्रोलर और अन्य आवश्यक मदों एवं एक्सेसरीज सहित हाई-फ्लो ओपन-वैल सबमर्सिबल पम्प सैट समेत 10 एम स्टेटिक लिफ्ट पर लगभग 2 क्यूसेक (57 एलपीएस) प्रत्येक डिस्चार्ज के लिए 2 अदद 15 एचपी सैटअप और 1 अदद 20 एचपी एसी सोलर ओपन-वैल सबमर्सिबल पम्पिंग सिस्टम डिजाइंड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन।	बंद होने की तिथि 27.08.2026	25 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01250-220058 xenlwsmech@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/220/48219/I/88/7 दि. 14.08.26

लाल किले पर परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर, एआई कैमरों से रखी जा रही नजर

स्वतंत्रता दिवस: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले पर शनिवार को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर इस ऐतिहासिक स्मारक पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने बहुस्तरीय 'आतंकवाद-रोधी प्रतिक्रिया' योजना तैयार करने के साथ-साथ एआई आधारित 1,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों ने समारोह के दौरान बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ 'मॉक ड्रिल' भी की है। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया ने पत्रकारों को बताया कि पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटनाओं के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बात पर खास तवज्जो दी गई है कि समारोह में शामिल होने वाले लोगों को कम से कम असुविधा हो। बांठिया ने कहा, पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इस बार हमारे पास व्यापक सुरक्षा इंतजाम हैं। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा योजना के तहत लाल किले और उसके आसपास कई स्तरों पर सुरक्षा जांच की जाएगी। साथ ही, किसी भी संभावित खतरे, आतंकवादी हमले या आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष आतंकवाद-रोधी प्रतिक्रिया योजना भी तैयार की गई है। डीसीपी ने कहा कि पहले से ही सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय किया गया है एवं मॉक ड्रिल की गई है, ताकि सभी एजेंसियां तैयार रहें और किसी भी आपात स्थिति में समन्वित कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि इलाके पर कड़ी नजर रखने के लिए लाल किले के अंदर और बाहर 1,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। डीसीपी ने कहा कि कैमरे एआई-आधारित वीडियो विश्लेषण से लैस प्रणाली से जुड़े हुए हैं, जबकि 'लाइव फीड' की निगरानी एक समर्पित नियंत्रण कक्ष से की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी प्रणाली सुरक्षाकर्मियों को संदिग्ध गतिविधि, भीड़ से संबंधित मुद्दों या कानून और व्यवस्था से जुड़ी किसी अन्य स्थिति का पता लगाने और तुरंत प्रतिक्रिया देने में मदद करेगी।

विधानसभा में देशभक्ति के रंग में रंगे दिल्लीवासी

नई दिल्ली। 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को विधानसभा में पहुंचे आम दिल्लीवासी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) बैंड की जोशीली प्रस्तुतियों और सांस्कृति प्रस्तुतियों पर देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। यहां मौजूद नागरिकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। वहीं इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के प्रत्येक नागरिक और देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जब हम अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, तब ऐतिहासिक विधानसभा भवन हमारी समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह दिवस हमें भारत के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने तथा अपनी राजधानी के विकास और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प को और मजबूत करने की प्रेरणा दे।

डीबीसी कर्मचारियों को दिया जाएगा समान वेतन : महापौर

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को महापौर प्रवेश वाही ने दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डीबीसी कर्मचारियों को तोहफा देते हुए समान कार्य समान वेतन देने की घोषणा कर दी है। निगम के इस फैसले से वर्षों से मांग कर रहे लगभग 4,400 एमटीएस (डीबीसी) कर्मचारियों को अब समान वेतन मिलेगा। जिसमें उनको वर्तमान वेतन में करीब 10 हजार रुपए की वृद्धि का लाभ मिलेगा। वाही ने कहा कि कर्मचारियों को लंबे समय से समान वेतन का लाभ दिलाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और इस दिशा में अनेक प्रशासनिक, वित्तीय, विधिक एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद इस महत्वपूर्ण निर्णय पर अंतिम मुहर लगाई गई है। महापौर ने कहा कि स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा व निगम आयुक्त संजीव खिरवार के साथ समन्वय करते हुए इस मामले से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें उनके कार्य एवं जिम्मेदारियों के अनुरूप उचित और समान वेतन उपलब्ध कराना है।

खड़गे के अपमान के विरोध में कांग्रेस ने निकाला शांति मार्च

नई दिल्ली। उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित कांग्रेस की रैली के बाद हिंदू राइट विंग संगठनों द्वारा रैली स्थल के शुद्धिकरण अनुष्ठान के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली में शांति मार्च निकाला। कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित शांति मार्च में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक तरफ देश 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है और दूसरी तरफ उतराखंड में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद शुद्धिकरण अनुष्ठान करने वालों के खिलाफ सत्तासीन भाजपा के शीर्ष नेताओं की चुप्पी देश की समरसता और समानता के लिए चिंताजनक है। शांति मार्च से पूर्व यादव ने सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में निंदा प्रस्ताव को अनुमोदित किया, जिस पर सभी ने सहमति जताई। निंदा प्रस्ताव को प्रदेश महासचिव अनिल भारद्वाज ने रखा।

दिल्ली है भारत की प्रमुख व्यापारिक राजधानी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

व्यापार और उद्यमिता विकसित भारत की आर्थिक शक्ति का मजबूत आधार है और दिल्ली का व्यापारी वर्ग लंबे समय से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को भारत मंडपम में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दिल्ली केवल देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत की प्रमुख व्यापारिक राजधानी भी है। चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, नया बाजार, गांधी नगर और करोल बाग जैसे बाजार दिल्ली की समृद्ध व्यापारिक विरासत और आर्थिक जीवंतता के प्रतीक हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित यह महोत्सव भारत की आर्थिक शक्ति, व्यापारिक क्षमता, उद्यमशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) व इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) को भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल एक व्यापार प्रदर्शनी नहीं, बल्कि देश के व्यापारियों, उद्यमियों, निर्माताओं, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की क्षमता को सामने लाने तथा भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान को रे खांकित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

जिन महिलाओं के पास नहीं होगा कार्ड देना होगा किराया

डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा के लिए कल से अनिवार्य होगा पिंक कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मुफ्त यात्रा के लिए कल (16 अगस्त) से सिर्फ 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' (एनसीएमसी) लागू होगा। डीटीसी द्वारा पूर्व घोषित सूचना के अनुसार 16 अगस्त 2026 से स्थिति बदल जाएगी। इस तिथि के बाद केवल उन्हीं महिला यात्रियों को मुफ्त सफर का लाभ मिलेगा जिनके पास वैध 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' होगा और जो बस में चढ़ते या यात्रा करते समय निर्धारित तरीके से इसका उपयोग करेंगी। जिन महिला यात्रियों के पास 16 अगस्त के बाद वैध स्मार्ट कार्ड नहीं होगा, उन्हें मुफ्त टिकट नहीं दिया जाएगा और उन्हें सामान्य किराए का भुगतान करके टिकट लेना होगा। बता दें कि डीटीसी ने बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं को नई व्यवस्था में ढलने के लिए मुफ्त पिंक टिकट जारी करने की पुरानी व्यवस्था को पहले 1 अगस्त 2026 से खत्म करने की घोषणा की गई थी। बाद में इस तिथि में संशोधन करके इसे 15 अगस्त 2026 कर दिया गया था। डीटीसी प्रशासन ने 16 अगस्त से पिंक कार्ड महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने की पूरी तैयारी कर ली है। डीटीसी ने सभी डिपो प्रबंधकों, क्षेत्रीय प्रबंधकों, कंडक्टरों और प्रवर्तन कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे 16 अगस्त से पिंक कार्ड धारक को ही मुफ्त यात्रा की सेवा लेने में अगर कोई दिक्कत आ रही है उसमें मदद करें।

खबर संक्षेप

अवैध हथियार रखने के मामले में 4 गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 अगस्त 2026 को अपराध शाखाओं की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 अवैध देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने अकरम निवासी गांव धौज फरीदाबाद को नया गांव धौज से अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया। अकरम के खिलाफ अवैध हथियार के तीन मामले दर्ज हैं।

37 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर कार्रवाई के चलते क्राईम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने 37 पेटी अवैध देसी व एक पेटी अग्रेजी शराब बरामद, गाजीपुर निवासी की टीम ने गाजीपुर निवासी भूपेंद्र को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिसको अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 अगस्त 2026 की रात क्राईम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम क्षेत्र में गश्त एवं धरपकड़ के लिए मौजूद थी। टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि गाजीपुर फरीदाबाद में एक व्यक्ति बिना किसी वैध लाइसेंस अथवा परमिट के अवैध रूप से एक खाली प्लाट में देसी शराब बेच रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड कर नियमानुसार कार्रवाई की।

पुराना विजयनगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा, उमड़ी भीड़, आज पूरे देशभर में देशभक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

पुराना विजयनगर में विजय रामलीला कमेटी के ने तिरंगा यात्रा निकाली निकाली। इस यात्रा में समाज के सम्मानित व्यक्ति शामिल हुए। पुराना विजयनगर के दो स्कूल यूनिक पब्लिक स्कूल और सगर बाल विद्यालय के प्रबंधक एवं स्कूल के बच्चे शामिल रहे. यात्रा थाना विजयनगर से पुरानी सब्जी मंडी होते हुए रामलीला मैदान पुराना विजयनगर में समाप्त की गई। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के संयोजक एवं विजय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने बताया कि आज पूरे देश भर में देशभक्ति का माहौल है और जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं। इसी परिपेक्ष में आज पुराना विजयनगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बच्चे, बड़े बुजुर्ग और माताएं बहनें व प्रमुखता से दो स्कूल के बच्चे व अध्यापक प्रबंधक मुख्य रूप से शामिल रहे। इस यात्रा के दौरान ऐसा लग रहा था कि पुराना विजयनगर देशभक्ति के रस में डूब गया है और चारों ओर तिरंगा झंडा दिखाई दे रहा था। इस प्रकार की यात्रा से हमारी आने वाले पीढ़ी के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत रहे और हमारे देश का इतिहास हमारे शहीदों का बलिदान हमारे बच्चों को भली भांति ज्ञात रहे, ऐसी भावना रखते हुए, इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

समाजसेवी और नेता उपस्थित रहे

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मविधायक संजीव शर्मा , भाजपा प्रदेश संयोजक डॉ. अजय शर्मा, अशोक चौधरी पूर्व सदस्य भारतीय खाद्य निगम, कुंजन पंडित, राम सिंह नेताजी, अजय पाल, जॉनसन मेसी गुड्डू, संदीप कनौजिया, असलम खान, ठाकुर शंकर सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, गौरव सिसोदिया, अखिलेश मिश्रा, संदीप कनौजिया, आदेश कोरी, हेमराज माहौर, विनोद कुमार, सुरेश कोरी, रमेश कोरी, शेर सिंह, नीतीश पाल, मुकेश राघव शामिल रहे।

पंकज रामपाल बोले- विभाजन की पीड़ा को स्मरण रखना और उससे सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें इतिहास से सीख लेकर राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है: कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल इतिहास की एक घटना का स्मरण नहीं है, बल्कि उन लाखों लोगों की पीड़ा, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्हें देश विभाजन के दौरान अपना घर, परिवार और जीवन तक गंवाना पड़ा। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज सेक्टर-12 स्थित सभागार कक्ष में जिला स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ उपायुक्त आयुष सिन्हा, सीईओ जिला परिषद शिखा, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ जिलाध्यक्ष सोहन पाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ जिलाध्यक्ष सोहन पाल और उपायुक्त आयुष सिन्हा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इसके पश्चात विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के पीड़ितों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और साथ ही उनकी याद में दो मिनट का मोन रखा गया। कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी झेल चुके कैप्टन तुसलीदास, द्वारिका नाथ कथूरिया और

प्रकाश लाल शर्मा ने अपने अनुभवों को सांझा किया।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की तारीख भारत के इतिहास का ऐसा क्षण है, जब एक ओर देश 200 वर्षों की गुलामी से स्वतंत्र होने जा रहा था, वहीं दूसरी ओर विभाजन की त्रासदी ने करोड़ों लोगों को गहरे दुःख और विस्थापन का सामना करने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि विभाजन की पीड़ा को स्वयं झेलने वाले वरिष्ठ नागरिकों और समाज के उन प्रतिष्ठित लोगों का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपना जीवन पुनः स्थापित किया और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सिंध और अन्य क्षेत्रों से विस्थापित होकर आए लोगों ने विपरीत परिस्थितियों में भी साहस, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके संघर्ष से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

देश के बंटवारे का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 से 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने का जो निर्णय लिया, वह उन असंख्य पीड़ित परिवारों के प्रति राष्ट्र की संवेदनशील श्रद्धांजलि है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश का उल्लेख किया कि देश के बंटवारे का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता और नफरत व हिंसा के कारण लोगों को विस्थापित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि इतिहास केवल पढने का विषय नहीं, बल्कि उससे सीख लेकर भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने का माध्यम है। विभाजन की त्रासदी हमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक अखंडता के महत्व का स्मरण कराती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष को समझे तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प ले। राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पूरा देश एकजुट होकर विदेशी शासन के विरुद्ध लड़ा था। हमें ऐसी किसी भी विभाजनकारी सोच से सावधान रहना होगा, जो समाज में वैमनस्य पैदा करे। भारत की शक्ति उसकी विविधता में एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत में निहित है। उन्होंने कहा कि विभाजन की विभीषिका में जान गंवाने वाले सभी लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके संघर्ष और बलिदान को राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा।

तिरंगे के सम्मान में गूंजा राष्ट्रप्रेम का जयघोष

47वीं वाहिनी पीएसी गाज़ियाबाद में निकली भव्य तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा वाहिनी परिसर, हाथों में तिरंगा और दिलों में राष्ट्रप्रेम- हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत 47वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद में आज भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा 09 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित इस रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। रैली के दौरान हाथों में शान से लहराता तिरंगा, कदमों में अनुशासन और हृदय में राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। तिरंगा रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। रैली में सहायक सेनानायक मुकेश कुमार त्यागी, शिविरपाल जयेंद्र कुमार गंगवार, सूबेदार सैन्य सहायक सत्यबीर सिंह, सहायक शिविरपाल राजपाल सिंह, उत्तर प्रदेश पुलिस की कबड्डी/कुश्ती टीम, कमांडो टीम सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कांग्रेस का लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों में विश्वास

हल्द्वानी घटना के विरोध में फरीदाबाद कांग्रेस का विशाल विरोध मार्च एवं सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हल्द्वानी की निंदनीय घटना के विरोध में एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के समर्थन में फरीदाबाद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बल्लभगढ़ में जिला स्तरीय विशाल शांतिपूर्ण विरोध मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया। यह विरोध मार्च सिविल रेस्ट हाउस बल्लभगढ़ से प्रारंभ होकर डॉ. बी. आर. आंबेडकर चौक तक पहुंचा। इसके बाद संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि बीते 8 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तराखण्ड के हल्द्वानी में एक जनसभा को सम्बोधित किया था। जनसभा समाप्त होने के पश्चात भाजपा से संबंध रखने वाले श्रीराम सेना के तथाकथित कार्यकर्ताओं ने रैली स्थल रामलीला मैदान का शुद्धिकरण अनुष्ठान किया। कौशिक ने कहा कि यह शुद्धिकरण इसलिए किया गया क्योंकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समुदाय से आते हैं। उन्होंने बीजेपी पर जाति के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए इस घटना को मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। श्री कौशिक ने कहा कि यह घटना कांग्रेस और बीजेपी की विचारधारा के बीच के मूल अंतर को दर्शाती है।

इस मौके पर पृथला क्षेत्र के विधायक रघुबीर सिंह तेवयिता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों में विश्वास करती है। हल्द्वानी की घटना अत्यंत निंदनीय है और इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

पूर्व विधायक नीरज शर्मा और पराग शर्मा ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द की रक्षा कांग्रेस की प्राथमिकता है। कांग्रेस कार्यकर्ता किसी भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस देश के संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर विनोद कौशिक, योगेश ढींगड़ा, डा. सौरभ शर्मा, अशोक रावल, रेनू चौहान, वेद प्रकाश यादव, तिलक नागर, उमेश कौशिक, मुकेश डागर, सुनीता फागना, गौरव ढींगड़ा, गिरीश भारद्वाज, दीपक चौधरी, विधान प्रताप सिंह, विकास फागना, अंश वत्स, अनिता शर्मा आदि।

नो फोन आवर 2.0 अभियान

स्वतंत्रता दिवस पर तीन गुना अधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य, शाम 6 से 7 बजे एक घंटा मोबाइल से रहेंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

घरेलू उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी केनस्टार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने लोकप्रिय 'नो फोन आवर' अभियान का दूसरा संस्करण 'नो फोन आवर 2.0' लॉन्च करने की घोषणा की है। पिछले वर्ष इस अभियान से 1.5 लाख से अधिक लोग जुड़े थे, जबकि इस बार कंपनी का लक्ष्य तीन गुना अधिक प्रतिभागियों को इस मुहिम से जोड़ना है।

अभियान के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे 15 अगस्त 2026 को शाम 6 बजे से 7 बजे तक अपने मोबाइल फोन को एक घंटे के लिए अलग रखकर परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं। कंपनी का मानना है कि डिजिटल दुनिया से थोड़ी देर दूरी बनाकर वास्तविक रिश्तों को मजबूत किया जा सकता है। केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल अपने उत्पादों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में खुशी और अपनापन बढ़ाने वाली पहलों के जरिए भी सकारात्मक बदलाव लाना है। पिछले वर्ष अभियान को मिली शानदार प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हुआ कि लोग डिजिटल व्यस्तताओं के बीच भी अपने परिवार और दोस्तों के साथ सार्थक समय बिताना चाहते हैं। इस वर्ष अभियान के तहत लोगों को बातचीत करने, साथ मिलकर भोजन बनाने, खेल खेलने और बिना किसी डिजिटल व्यवधान के एक-दूसरे के साथ समय बिताने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नगर निकायों में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं जाएं: रविंद्र कुमार माँदड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जनपद की नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर पालिका परिषद लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर एवं खोड़ा-मकनपुर तथा नगर पंचायत निवाड़ी, फरीदनगर, पतला और डासना में संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी निकायों में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों

को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों एवं योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए तथा विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्य, सभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व कर्मचारी ने साथियों के साथ मिलकर रची थी साजिश

शराब ठेकेदार से 1.53 लाख रुपए लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत करीब 1.53 लाख रुपये लेकर घर जा रहे शराब ठेकेदार को टाउन नंबर 2 में रास्ते में रोककर रुपए लूटने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वारदात की साजिश शिकायतकर्ता के पूर्व कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। आरोपी को पता था कि ठेके से रोजाना बिक्री के रुपये लेकर शिकायतकर्ता घर जाता है। जिनको अदालत में पेश कर 4 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसीपी क्राईम अमन यादव ने बताया कि शिकायतकर्ता चरण सिंह कन्हैया निवासी एनआईटी-2 फरीदाबाद ने 16 जुलाई को पुलिस चौकी टाउन नंबर 2 में शिकायत दी कि डबुआ चौक पर उसका शराब का ठेका है। 15-16 जुलाई की रात वह ठेके से करीब 1 लाख 53 हजार रुपये लेकर मोटरसाइकिल से घर के लिए निकला था।

जब वह एनआईटी-2 स्थित ई.ब्लॉक के पास पहुंचा तो वहां तीन युवक खड़े थे। जिन्होंने उसे रुकवाया और

उसके हाथ से पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने 13 अगस्त को 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनकी पहचान प्रिंस उर्फ राजा निवासी जिला मधेपुरा बिहार हाल सोनिया विहार, दिल्ली, रवि उर्फ रोहित उर्फ मोटा निवासी जिला मथुरा उत्तर प्रदेश हाल सोनिया विहार दिल्ली, अमित पाल निवासी सोनिया विहार, दिल्ली व अंकित उर्फ लप्पा निवासी सोनिया विहार दिल्ली के रूप में हुई है।

लड़ाई-झगड़े का एक मामला दर्ज

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रिंस उर्फ राजा पहले शिकायतकर्ता के शराब के ठेके पर काम करता था। उसे 8 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर रखा गया था। शिकायतकर्ता द्वारा उसकी सैलरी के कुछ रुपये नहीं दिए गएए, जिसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी।

प्रिंस को जानकारी थी कि शिकायतकर्ता रोजाना ठेके की बिक्री के रुपये अपने साथ लेकर जाता है। इसी जानकारी का फायदा उठाकर उसने अपने साले अंकित के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई और अपने दो अन्य साथी रवि तथा अमित को भी वारदात में शामिल कर लिया। उन्होंने वारदात से पहले शिकायतकर्ता की गतिविधियों की रैकी की थी और वारदात को अंजाम देने के लिए दिल्ली के सोनिया विहार क्षेत्र से उन्होंने एक मोटरसाइकिल भी चोरी की थी। आरोपियों ने घटनाक्रम से पहले भी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की थी परंतु कामयाब नहीं हुए। 15-16 जुलाई की रात को कट्टा दिखाकर शिकायतकर्ता से रुपये से भरा बैग लूटकर मौके से फरार हो गए। आरोपी रवि उर्फ रोहित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, एक्साइज एक्ट और लड़ाई-झगड़े से संबंधित तीन मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी प्रिंस उर्फ राजा के खिलाफ लड़ाई-झगड़े का एक मामला दर्ज है।

5.4 किलो का कैंसरग्रस्त ब्रेस्ट ट्यूमर निकाला

फोर्टिस मानेसर के चिकित्सकों ने विदेशी महिला को दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

फोर्टिस हॉस्पिटल मानेसर के डॉक्टरों ने कॉन्गो की 44 वर्षीय महिला के स्तन से 5.4 किलोग्राम वजन का कैंसरग्रस्त ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उसे नई उम्मीद दी है। मरीज दिसंबर 2025 से ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थीं और उपचार नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई थी। अस्पताल पहुंचने पर उनके दाएं स्तन में 5.4 किलो का विशाल ट्यूमर था, जो खुलकर संक्रमित घाव में बदल चुका था। मरीज गंभीर एनीमिया, कुपोषण और सेप्सिस से भी जूझ रही थीं। पीईटी-सीटी जांच में कैंसर स्तन तक सीमित पाया गया और शरीर के अन्य अंगों या लिंफ नोड्स तक नहीं फैला था। डॉ. मानसी चौहान, सीनियर कंसल्टेंट एवं ब्रेस्ट ऑन्कोप्लास्टिक सर्जन, ने बताया

कि पहले मरीज की स्थिति स्थिर करने, संक्रमण नियंत्रित करने और पोषण सुधारने पर काम किया गया। इसके बाद जटिल सर्जरी के जरिए ट्यूमर निकाला गया।

प्रभावित हिस्से को भरने के लिए स्किन ग्राफ्टिंग की गई। सर्जरी के बाद मरीज को कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी दी गई तथा अब ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन की योजना बनाई गई है।

जैकेट का शेष...

बंटवारे का दंश इतिहास ...

श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। मोदी सरकार 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के माध्यम से इस त्रासदी की स्मृतियों को युवा तक पहुंचा रही है। ताकि देश को फिर से तोड़ने वाली ताकतें कभी सफल न हो सकें और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' ही हमारा सर्वोच्च ध्येय बने।

पेज एक का शेष...

इटली की प्रधानमंत्री...

और इटली दो करीबी मित्र राष्ट्र हैं। जिनके बीच बहुत गहरे और मजबूत संबंध हैं। हम इन मजबूत संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। जहां तक विदेशी नेताओं से जुड़ी हुई टिप्पणियों का मसला है। तो उसमें मैं यही कहना चाहूंगा कि इस प्रकार की किसी भी टिप्पणी को हमेशा सम्मान यानी आदरपूर्ण दायरे में ही रखा जाना चाहिए। वहीं, इस ब्रीफिंग में रणधीर ने कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए हैं।

चीन को टैरिफ से बचाने में नहीं की मदद: चीन को टैरिफ से बचाने में भारत पर मदद करने का आरोप लगाने वाली एक अमेरिकी रिपोर्ट को लेकर रणधीर ने कहा कि आज सुबह ही मंत्रालय ने भी ऐसी एक रिपोर्ट देखी है। अभी फिलहाल हम उसका अध्ययन कर रहे हैं, उसमें लिखी गई बातों को समझने का प्रयास कर रहे हैं।

एफसीआरए भारत का....

लेने का अधिकार है। किसी विधेयक पर चर्चा या विचार कर उसे संसदीय समिति के पास भेजने का फैसला करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ संसद के पास ही है। जो भारत की विधायी प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यहां बता दें कि लोकसभा ने 12 अगस्त को एफसीआरए विधेयक को जेपीसी के पास भेजा है। इसके लिए दोनों सदनों की कुल 31 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। रिपोर्ट संभवतः संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में पेश की जा सकती है।

डीजल: घरेलू जरूरतों ....

कार्रवाई की जाती है। जिसमें डीजल की सप्लाई करने का मुद्दा भी शामिल है। नई दिल्ली नियमित रूप से बांग्लादेश को डीजल की सप्लाई कर रहा है। जहां तक अतिरिक्त सप्लाई करने की बात है तो उसे लेकर भारत डीजल की उपलब्धता, घरेलू जरूरतों की पूर्ति के साथ-साथ अपनी डीजल रिफाइनिंग क्षमता को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रहा है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत ने नई दिल्ली की द्विपक्षीय यात्रा और ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इसे लेकर जो भी प्रगति होगी, उसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर भारत...

स्थानीय जनता की निर्मम हत्याओं और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता स्थगित है। इसे लेकर भारत के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

सीजेआई बोले-....

पूरा अधिकार है। अदालत ने बीसीआई के चेयरमैन मनन मिश्रा के उस परिपत्र (सर्कुलर) पर तीव्र नाराजगी जताई, जिसमें नालसार के 2026 बैच के स्नातकों के अधिवक्ता नामांकन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। सीजेआई ने कहा कि यह मेरे और छात्रों के बीच का मामला है, इसे तूल देने की जरूरत नहीं थी। इसमें हस्तक्षेप करने वाला बार काउंसिल कौन होता है? शीर्ष अदालत ने बार काउंसिल को नोटिस जारी करते हुए विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र या शिक्षक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने का सख्त आदेश दिया है। सीजेआई ने कहा कि कॉकरोच वाले केस में उनका बयान गलत तरीके से कोट किया गया।

आज लालकिले से ...

करेंगे। **सेना, नौसेना और वायुसेना के 2500 कैडेट होंगे शामिल:** समारोह में सेना, नौसेना और वायुसेना के करीब 2,500 बालक-बालिका कैडेट तथा 'माई भारत' के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। सरकार ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले करीब 5,000 विशेष अतिथियों को भी लाल किले पर समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया है। इन विशेष अतिथियों में पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, पीएम मुद्रा योजना से जुड़ी महिला उद्यमी, पीएम स्वनिधि योजना के स्ट्रीट वेंडर और भारत टैक्सी के टैक्सी चालक शामिल हैं। इनके माध्यम से देश के विकास में जमीनी स्तर पर योगदान देने वाले लोगों को स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनाया गया है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव...

गौरव और एकता की भावना को मजबूत करना है। स्वतंत्रता दिवस से पहले आयोजित इस तिरंगा यात्रा को इसी भावना का हिस्सा बताया गया।

रेल भवन में सामूहिक 'वंदे मातरम' गायन: कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन रहा। रेल भवन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ राष्ट्रीय गीत का गायन किया। यह आयोजन 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चल रहे तीसरे चरण के कार्यक्रमों के साथ जोड़ा गया है। रेलवे मंत्रालय ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से भारतीय रेलवे अपने विशाल संगठन में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। रेलवे के विभिन्न कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में भी अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सीएपीएफ को मिले ...

कार्य और पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद विरोधी ड्यूटी शामिल है। बीएसफ यानी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को 1, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को 20 पदक से सम्मानित किया गया है।

11 अधिकारी भी होंगे सम्मानित: केरल पुलिस, अग्निशमन और बचाव सेवा, तथा कारागार एवं सुधार सेवाओं के 11 अधिकारियों को विभिन्न पुलिस और अग्निशमन सेवा पदकों के लिए चुना गया है। सहायक स्टेशन अधिकारी राजेंद्रन नायर और सेबेस्टियन जोसेफ एन. को भी सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है। सीमा की सुरक्षा वाले इस बल को अन्य सीएपीएफ के अलावा 47 सेवा पदक भी मिले हैं।

एयरोस्पेस इकोसिस्टम ...

भारत के एयरोस्पेस इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहला ऐसा मौका है जब हेलीकॉप्टर के मुख्य भाग का निर्माण करने के लिए निजी उद्योग को उत्पादन का हिस्सा बनाया जा रहा है। जिससे घरेलू आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और देश के अंदर एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

एचएएल ने बढ़ाई उत्पादन क्षमता: एचएएल ने सशस्त्र सेनाओं के लिए दिए गए 156 प्रचंड हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर को लेकर अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा दी है।

जिसमें रक्षा क्षेत्र के इस पीएसयू की कर्नाटक के तुमकुरु में अपनी नई विनिर्माण सुविधा की अहम भूमिका होगी। उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। दो अतिरिक्त उत्पादन लाइनों की मदद से एलसीएच की विनिर्माण क्षमता बढ़ेगी और सेनाओं को हेलीकॉप्टरों की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। औद्योगिक आधार का विस्तार होने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, कॉम्पोनेंट निर्माताओं, एयरोस्पेस आपूर्तिकर्ताओं को भी लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

विभाजन मानवता के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक

पहचान अलग-अलग हो सकती है, लेकिन सबसे बड़ी पहचान भारतीय होने की हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 में देश के विभाजन की त्रासदी को मानवता के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक बताया। आज पूरा देश उस भीषण त्रासदी की स्मृतियों से जुड़ रहा है, जब करोड़ों हिंदुओं को अपनी ही मातृभूमि और जन्मभूमि से विस्थापित होना पड़ा तथा बड़ी संख्या में हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन समाज के लोगों को हिंसा और कत्लेआम का सामना करना पड़ा। उस समय पीड़ितों की पीड़ा सुनने और उनके प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला कोई नहीं था। सत्ता प्राप्ति की लिप्सा में एक सनातन राष्ट्र को विभाजन की ओर धकेलकर उसके टुकड़े कर दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए।

आने वाली पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई से अवगत कराएं

सीएम ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं है। इतिहास को केवल पन्ने पलटने या परीक्षा के पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं किया जा सकता।

विभाजन केवल भूमि का बंटवारा नहीं, लाखों परिवारों की पीड़ा

सीएम योगी ने कहा कि 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिली, लेकिन इसके साथ ही देश का विभाजन भी हुआ। पंजाब और बंगाल के उन हिस्सों को भी पाकिस्तान को सौंप दिया गया।

5 महीने पुरानी कंपनी से 22500 करोड़ का एमओयू

पटना। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सम्राट सरकार की उद्योग नीति पर सवाल उठाए हैं।

दावा किया है कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने जिस कंपनी के साथ न्यूक्लियर के क्षेत्र में 22500 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया है, वह महज 5 महीने पुरानी है। इसके पास कुल पूंजी ही 11 लाख रुपए की है।

यूपी के 12 अफसरों को मिलेगा राष्ट्रपति वीरता पदक

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस पर यूपी के 12 पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं 78 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति का उत्कृष्ट सेवा सम्मान और 6 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा सम्मान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसमें एसटीएफ के शहीद निरीक्षक सुनील कुमार भी शामिल हैं।

एसबीईसी शुगर लिमिटेड

रजि. कार्यालय: ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला: बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएन: L15421UP1991PLC019160
दूरभाष: 01234–259206 फैक्स:91–1234–259200
ई–मेल: investors@sbecsugar.com, वेबसाइट: www.sbecsugar.com

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश

(रुपये लाख में)

क्रम सं.	विवरण	स्टैंडअलोन			समेकित		
		तिमाही समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त		वर्ष समाप्त
		30.06.2026	30.06.2025	31.03.2026	30.06.206	30.06.2025	31.03.2026
		अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
1	कुल आय	9,935.09	11,940.19	53,738.80	9990.36	11,989.91	55,253.71
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण मदें)	(432.31)	(2,338.36)	(6,280.89)	(787.69)	(2,604.91)	(6,394.63)
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद)	(432.31)	(2,338.36)	(6,280.89)	915.36	(2,604.91)	1,939.62
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद)	(432.31)	(2,338.36)	(6,280.89)	915.36	(2,604.91)	1,865.54
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(416.79)	(2,347.14)	(6,218.79)	1,017.69	(2,613.59)	2,413.23
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39	4765.39
7	पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	–	–	(17091.19)	–	–	11971.90
8	प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए)						
	क. मूल	(0.91)	(4.91)	(13.18)	1.92	(5.47)	3.91
	ख. तनुकृत	(0.91)	(4.91)	(13.18)	1.92	(5.47)	3.91

टिप्पणियाँ:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 14 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है।

स्थान: लंदन
दिनांक: 14.08.2026

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआईएन: 00002757

चिंतन

आजाद देश में अपशब्द कहने की आजादी नहीं

लोकतंत्र में सत्ता से सवाल पूछना और सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत अपमान और अभद्र भाषा में बदल देना लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए गंभीर चुनौती है। देश को ऐसी राजनीति की जरूरत है, जिसमें कटाक्ष की जगह मुद्दे हों, आरोपों की जगह तथ्य हों और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों की गरिमा कायम रहे। नेता बदलते रहेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा और जनता का सम्मान स्थायी रहना चाहिए। ऐसे में आजाद देश में किसी को अपशब्द कहने की आजादी कतई नहीं हो सकती। ऐसे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपा और आरएसएस पर मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाना कहां तक उचित है? लोकतंत्र में असहमति की जगह जितनी बड़ी है, सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की जरूरत भी उतनी ही है। राजनीतिक बहस जब तर्क से हटकर व्यक्तिगत कटाक्ष और सार्वजनिक उपहास में बदल जाती है तो चोट केवल किसी व्यक्ति को नहीं लगती, लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता भी गिरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के 'शुद्धिकरण' का विवाद इसी व्यापक राजनीतिक गिरावट के बीच सामने आया है। यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना महत्वपूर्ण है कि ऐसी घटना दुखद है और भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। यदि किसी स्तर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई भी। लोकतंत्र में किसी गलत घटना का विरोध करते हुए भी शब्दों की मर्यादा कायम रखना जरूरी है। अन्यथा एक गलत व्यवहार दूसरे गलत व्यवहार के लिए बहाना बन जाता है और समाज लगातार टकराव की ओर बढ़ता जाता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। यह पद उन्हें सरकार से सवाल पूछने की असाधारण जिम्मेदारी देता है। उन्हें बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय, आर्थिक असमानता और संवैधानिक संस्थाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिए, लेकिन यदि हर राजनीतिक विवाद को व्यक्तिगत हमले और उत्तेजक भाषा में बदल दिया गया तो विपक्ष की गंभीरता स्वयं कमजोर होगी। जनता विपक्ष से केवल सरकार की आलोचना नहीं, बेहतर विकल्प की अपेक्षा करती है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। विपक्ष की तीखी भाषा का जवाब उससे भी तीखे व्यक्तिगत हमले से देना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं हो सकती। लोकतांत्रिक मर्यादा का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता। आज राजनीति सोशल मीडिया के दौर में है, जहां एक उत्तेजक वाक्य कुछ मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। इसलिए नेताओं के शब्दों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। मीम और वायरल क्लिप तत्काल राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन वे बेरोजगारी नहीं मिटाते, महंगाई कम नहीं करते और सामाजिक विश्वास नहीं बनाते। आजाद देश में बोलने की आजादी लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन अपशब्द बोलने की आजादी लोकतंत्र की पहचान नहीं हो सकती। असहमति को दबाया नहीं जाना चाहिए, मगर असहमति की भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो समाज को जोड़े। चुनाव आते-जाते रहेंगे, सरकारें बदलती रहेंगी और नेता भी बदलेंगे; स्थायी रहना है तो संविधान, संस्थाओं और नागरिक गरिमा का सम्मान। यही परिपक्व लोकतंत्र की कसौटी है। सत्ता सवालों से न डरे, विपक्ष तर्क से न भागे और दोनों भाषा की मर्यादा न भूलें।

स्वतंत्र भारत के मशालवाहक

विचार
सीपी राधाकृष्णन

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं प्रत्येक भारतवासी को हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही, मैं उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन करता हूं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

पिछले सप्ताह अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान मुझे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हमारे राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तिरंगा फहराए जाने की ऐतिहासिक स्मृति को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण अनुभव था कि मैं उस पवित्र धरती पर खड़ा था, जहां नेताजी की आज़ाद हिंद फ़ौज ने 30 दिसंबर 1943 को भारत की भूमि पर पहली बार तिरंगा फहराया था। इस अवसर ने मुझे सितंबर 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मदुरै यात्रा का भी स्मरण कराया, जब वे महान स्वतंत्रता सेनानी पसुम्पोन मुथुरामलिंगा थेवर के निमंत्रण पर वहां पहुंचे थे। उस ऐतिहासिक क्षण ने क्षेत्र के असंख्य देशभक्तों के हृदय में स्वतंत्रता की अलख जगाई।

अंडमान स्थित राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल की मेरी यात्रा एक अन्य अत्यंत प्रेरणादायी क्षण रही।

इसी जेल में भारत माता के महान सपूत वीर सावरकर, योगेंद्र शुक्ल, बटुकेश्वर दत्त, सचिंद्र नाथ सान्याल और अनेक अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा कैद कर एकांत कारावास में रखा गया था। आज भी राष्ट्रीय स्मारक की ये दीवारें उन वीरों के साहस, उन्हें दी गई यातनाओं और सर्वोच्च बलिदान की गाथाएं सुनाती प्रतीत होती हैं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। इस यात्रा ने मुझे उन सभी राष्ट्रनायकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप यह लेख लिखने को प्रेरित किया, जिन्होंने करोड़ों लोगों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की और राष्ट्र को स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया।

9 अगस्त को, जब हम भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति मना रहे थे, मुझे अंडमान द्वीप समूह में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्ष 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान करते हुए राष्ट्र को करो या मरो का ओजस्वी नारा दिया था। इस आह्वान के परिणामस्वरूप पूरे देश में आजादी प्राप्त करने की प्रबल आकांक्षा व्याप्त हो गई।

आज हमें उसी स्वतंत्रता सेनानी पीढ़ी के कारण स्वतंत्रता की हवा में सांस लेने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत संवैधानिक अधिकारों के साथ जीवन जीने का सौभाग्य प्राप्त है, जिन्होंने अपने समय की औपनिवेशिक शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष किया। उस समय देश के कोने-कोने में करोड़ों वीर स्वतंत्रता सेनानी अटूट समर्पण और त्याग के साथ इस संघर्ष में शामिल हुए तथा अनेक वीरों ने भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवगाथा

स्वतंत्रता सेनानी चाहे उत्तर में कश्मीर से हों या दक्षिण में तमिलनाडु से, पश्चिम में गुजरात से हों या पूर्व में असम से—देश के सभी क्षेत्रों, वर्गों, आयु समूहों और लिंगों के लोगों ने भारत माता की स्वतंत्रता के साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होकर संघर्ष किया।

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रतिरोध की अमर प्रतीक बनीं रानी लक्ष्मीबाई का शौर्य, मंगल पांडे का साहस और बाल गंगाधर तिलक का वह निर्भीक उद्घोष—स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा—स्वतंत्रता की ओर बढ़ते राष्ट्र के प्रत्येक कदम को शक्ति प्रदान करता रहा।

इसी क्रम में वीओ चिदंबरम पिल्लै ने भारत का पहला स्वदेशी पोत-परिवहन उद्यम शुरू कर औपनिवेशिक शासन के आर्थिक प्रभुत्व को चुनौती दी। इससे यह सिद्ध हुआ कि स्वतंत्रता का संघर्ष केवल रणभूमि तक सीमित नहीं था, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक क्षेत्र में भी लड़ा गया था।

भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की क्रांतिकारी भावना ने आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के लिए त्याग और बलिदान का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं रानी गैदिनल्यू की अदम्य भावना ने पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध की लौ प्रज्वलित रखी।

असम की युवा वीरांगना कनकलता बरुआ भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर अदम्य साहस के साथ आगे बढ़ीं और अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। भगवान बिरसा मुंडा तथा अनेक जनजातीय नेताओं ने भी औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध ऐतिहासिक प्रतिरोध का नेतृत्व किया। इतिहास के पन्नों में ऐसी असंख्य गाथाएं हैं, जो साहस, संघर्ष, धैर्य

और दृढ़ संकल्प से भरी हुई हैं। इन सभी गाथाओं ने मिलकर साहस और बलिदान की समृद्ध विरासत का निर्माण किया है। वे हमें याद दिलाती हैं कि भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीरों के सामूहिक संकल्प से प्राप्त हुई थी और उनकी विरासत आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है।

स्वतंत्रता आंदोलन में तिरुप्पुर का योगदान

इस स्वतंत्रता दिवस पर मैं तिरुप्पुर कुमारन को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं, जिन्हें लोकप्रिय रूप से कोडी काथा कुमारन अर्थात ध्वज की रक्षा करने वाले कुमारन के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मेरे पैतृक स्थान तिरुप्पुर में उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मृत्यु निकट जानते हुए भी उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को धरती पर नहीं गिरने दिया। इसी कारण उन्हें यह सम्मानजनक उपाधि मिली।

कम उम्र में ही कुमारन के हृदय में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित हो उठी थी। स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है के आह्वान से प्रेरित होकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। महात्मा गांधी के आदर्शों से अत्यंत प्रभावित होकर कुमारन जी ने लोगों, विशेषकर युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना जगाने के लिए देशबंधु युवा संघ की स्थापना की। कुमारन का दृढ़ विश्वास था कि सच्ची स्वतंत्रता तभी प्राप्त की जा सकती है, जब लोग औपनिवेशिक शासन के अन्याय के प्रति जागरूक हों और उसके विरुद्ध संघर्ष करने का साहस तथा स्पष्ट दृष्टि विकसित करें।

गांधीवादी सामाजिक सुधार के सिद्धांतों के प्रति समर्पित कुमारन ने मद्यनिषेध अभियान को भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया। वे इसे सामाजिक और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की दिशा में आवश्यक कदम मानते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने ताड़ी की दुकानों के सामने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और लोगों को मद्यपान से दूर रहने तथा आत्म-अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

10 जनवरी 1932 को सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान कुमारन ने एक जुलूस का नेतृत्व किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे वे कुछ साहसी साथियों के साथ आगे बढ़े और तिरुप्पुर की सड़कों पर वंदे मातरम् के जोशीले नारे गूंज उठे।

औपनिवेशिक शक्तियों ने इस समूह पर हमला कर दिया। वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए और राष्ट्रीय ध्वज को अपने शरीर से लगाए कुमारन के सिर पर गंभीर चोटें आईं और राष्ट्र के लिए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मृत्यु के समय उनकी आयु मात्र 27 वर्ष थी।

जब मैं तिरुप्पुर कुमारन की आयु का उल्लेख करता हूं, तो मुझे उन अनेक युवाओं की याद आती है, जिन्होंने भारत माता के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए। इनमें भगत सिंह (23 वर्ष), सुखदेव (23 वर्ष), राजगुरु जी (22 वर्ष), खुदीराम बोस जी (18 वर्ष), कनकलता बरुआ (18 वर्ष), अनंत लक्ष्मण कान्हेरे (19 वर्ष), वंचिनाथन (25 वर्ष) और ऐसे अनेक युवा शामिल हैं। उन्होंने नश्वर जीवन त्याग कर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया।

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस पहल की सराहना करता हूं, जिससे राष्ट्रीय आंदोलन के उन गुमनाम नायकों को देश के सामने लाया जा रहा है, जिनका योगदान लंबे समय तक इतिहास के पन्नों में अपेक्षाकृत अनदेखा रहा। मैं सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस ऐतिहासिक अवसर पर आइए, हम अपनी मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों पर चिंतन करें और अपनी प्रतिबद्धता पुनः दृढ़ करें। इस अमृतकाल में 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के स्वयं को समर्पित करें और राष्ट्र की प्रगति तथा समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करें। यही उन वीर सपूतों के प्रति हमारी सबसे सच्ची और उचित श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अटूट साहस के साथ संघर्ष किया और हमारी स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण उत्सर्ग किए।

(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं।)

सारा संसार

पुडुचेरी का मनकुला विनयगर मंदिर गणेश जी का 300 साल से भी ज्यादा पुराना मंदिर है, जो बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है। मनकुला नाम का मतलब रेत का तालाब है। यह मंदिर अपनी स्वर्ण रथ यात्रा और हाथियों के आशीर्वाद के लिए काफी प्रसिद्ध माना जाता है। इस मंदिर में विराजमान गणपति जी को वरसिद्धि विनायक के नाम से जाना जाता है।

अहंकार को त्यागने और अनुशासन से मिलती है सफलता

संकलित
दर्शन

आज के समय में ज्योतिषी या अध्यात्मिक गुरु के पास आने वाले अधिकांश लोग किसी चमत्कार या शॉर्टकट की तलाश में होते हैं। वे चाहते हैं कि कोई रत्न पहन लेने से या कोई छोटा सा उपाय कर लेने से उनके जीवन के सारे कष्ट बिना किसी परिश्रम अथवा बिना किसी आत्म-परिवर्तन के दूर हो जाएं। अगर सूर्य से व्यक्ति को लाभ न मिल रहा हो तो ज्योतिष के साधारण नियम अनुसार, उसे बलवान करने के लिए माणिक्य रत्न पहनाया जाता है। यदि किसी की जन्मकुंडली में सूर्य कमजोर है और ज्योतिषी ने उसे मान-सम्मान वृद्धि के लिए अपने भीतर के अहंकार को त्यागने और अनुशासन लाने को कहा, तो शायद यह बात सामने वाले जातक को उतनी अच्छी न लगकर केवल उपदेशात्मक लगे। अनुभव में आया है कि जातक ने सूर्य का रत्न तो पहन लिया, लेकिन यदि जातक अपने अहंकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, तो केवल सूर्य का रत्न पहन कर भी उसे पूर्ण सफलता नहीं मिलती, ऐसे में वह सारा दोष रत्न, ज्योतिषी या गुरु को देगा, अपने व्यवहार को नहीं। एक सच्चा गुरु या ज्योतिषाचार्य इस मानवीय स्वभाव को भली-भांति जानता-समझता है। कबीरदास जी ने गुरु और शिष्य के इस संबंध को बहुत ही अच्छे ढंग से कहा है- गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।। शास्त्रों में एक उदाहरण आता है, यदि वर्षा की बूंदें स्वाति नक्षत्र की भी हों, तब भी वे सीप में गिरकर ही मोती बनती हैं।

सच्चा प्रेम में आजादी, मोह में अधिकार की भावना



संकलित
प्रेरणा

किसी के साथ रहना अच्छा लगना प्रेम हो सकता है, लेकिन उसके बिना बेचैन हो जाना हमेशा प्रेम नहीं होता। कई बार रिश्तों में अपनापन और अधिकार की भावना इतनी घुल जाती है कि हमें पता ही नहीं चलता कि हम प्यार कर रहे हैं या सामने वाले से मोह करने लगे हैं। प्रेम में मन को विस्तार मिलता है, जबकि मोह धीरे-धीरे मन को बांधने लगता है। श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं में भी आसक्ति, अपेक्षा और मन की स्थिरता को लेकर गहरी बातें कही गई हैं। सच्चा प्रेम किसी व्यक्ति को अपनी इच्छाओं के अनुसार बदलने की कोशिश नहीं करता। इसमें सामने वाले की पसंद, भावनाओं और स्वतंत्रता का सम्मान होता है। इसके विपरीत मोह में यह भावना मजबूत होने लगती है कि दूसरा व्यक्ति हमेशा हमारे मुताबिक व्यवहार करे। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' अर्थात मनुष्य का अधिकार कर्म करने पर है, उसके परिणाम पर नहीं। रिश्तों में भी इस सीख को समझा जा सकता है। प्रेम करें, अपना व्यवहार सच्चा रखें, लेकिन सामने वाला उसी तरह प्रतिक्रिया दे, इसकी जिद न करें। अगर किसी रिश्ते में सच्चा प्रेम है तो दूरी या व्यस्तता के बावजूद विश्वास बना रहता है। लेकिन, मोह बढ़ने पर व्यक्ति बार-बार यह सोच सकता है कि कहीं दूसरा उसे छोड़ न दे। फोन का जवाब देर से मिलना, कम बातचीत होना या अकेले समय बिताना भी बेचैनी पैदा करने लगता है।

स्वतंत्रता दिवस विशेष
डॉ. नरेश मिश्र

हिंदीः स्वतंत्रता की आवाज से राष्ट्र की अभिव्यक्ति तक

पंद्रह अगस्त केवल उस दिन की स्मृति नहीं है, जब भारत ने अंग्रेजी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। यह उस आत्मसम्मान की याद भी है, जिसने एक गुलाम देश को स्वतंत्र राष्ट्र बनने का साहस दिया। लेकिन स्वतंत्रता के आठ दशकों बाद भी एक प्रश्न हमारे सामने खड़ा है-जिस हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारत की आवाज बनकर देश को जोड़ा, वह आज भी 'राष्ट्रभाषा' क्यों नहीं कहलाती? हिंदी केवल एक भाषा नहीं, करोड़ों भारतीयों की संवेदना, संवाद और अभिव्यक्ति है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी ने भाषाई विविधताओं के बीच राष्ट्रीय चेतना का सेतु बनाया।

'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे उद्घोषों में देश की धड़कन सुनाई देती थी। महात्मा गांधी का स्पष्ट मत था—"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।" आज हिंदी का संसार और भी व्यापक हो चुका है।

साहित्य से सिनेमा तक, समाचार से सोशल मीडिया तक और बाजार से वैश्विक मंचों तक हिंदी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। दुनिया भारत को जिस तेजी से जान रही है, उसी तेजी से हिंदी भी भारत की पहचान बनकर उभर रही है। फिर भी विडंबना देखिए—हम हर वर्ष हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा मनाते हैं, हिंदी के गौरव का बखान करते हैं, लेकिन हिंदी के राष्ट्रीय स्वरूप पर गंभीरता से विचार करने से बचते हैं। यह प्रश्न किसी अन्य भारतीय भाषा के विरोध का नहीं है।

भारत की शक्ति उसकी भाषाई विविधता में है। प्रश्न केवल इतना है कि इस विविधता के बीच वह भाषा, जिसने सदियों से जनमानस को जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया, उसे उसके उचित सम्मान की दृष्टि से कब देखा जाएगा? तिरंगा हमारी आंखों में भारत का स्वाभिमान जगाता है, राष्ट्रगान हमारे हृदय में राष्ट्रभाव भरता है और हिंदी करोड़ों कंठों को अभिव्यक्ति देती है। इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, हिंदी को किसी भाषा के विरुद्ध नहीं, बल्कि भारतीय एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय संवाद की सशक्त कड़ी के रूप में देखें। क्योंकि सवाल केवल यह नहीं कि हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है; सवाल यह भी है कि जिस भाषा में करोड़ों भारतीय अपने मन की बात कहते हैं, क्या हमने कभी उस आवाज को पूरे मन से सुना है? यही प्रश्न इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मन में रहना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वतंत्रता दिवस

पुरी। ओडिशा के पुरी में कलाकार सुदर्शन पटनायक के बनाए गए 80वें स्वतंत्रता दिवस को दर्शाता एक सैंड आर्ट (रेत की कलाकृति)। इसे देख कर समुंद्र तट से गुजरने वाले अभिभूत हो गए।

आज की पाती

आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

- नारायण देवांगन, भिलाई

ट्रेंड

ज़ीरो टॉलरेंस

नशीले पदार्थों के खिलाफ़ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने ड्रग तस्करी के सरगना व भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया को यूएई से वापस लाने में सफलता हासिल की है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' सभी को जोड़ता है... आम नागरिकों से लेकर साधु-संतों और त्यागियों तक, यह सबको अपनी ओर आकर्षित करता है और उन लोगों के दिलों-दिमाग में राष्ट्रवाद और गर्व की भावना जगाता है जो हिंदुस्तान को अपने भीतर बसाए हुए हैं।

- स्मृति ज़ेड ईरानी, पूर्व कैबिनेट मंत्री

माइंस एंड मिनरल्स बिल

संसद ने बिना किसी बहस के 'माइंस एंड मिनरल्स बिल' पास कर दिया, लेकिन इसके संघीय ढांचे पर बुरे असर पड़ सकते हैं। यह बिल सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को पलटता है, तटीय राज्यों को उनके जायज़ राजस्व से वंचित करता है और निश्चित रूप से इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस

मिलावट की समस्या

आज देश में मिलावट की समस्या प्रमुखता से सामने आ रही है। मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।

- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

करंट अफेयर

उत्तर कोरिया ने की अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की निंदा

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताते हुए शुक्रवार को इसकी निंदा की और आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की धमकी दी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं सोमवार से अपना वार्षिक व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू करेंगी। दोनों देशों ने कहा है कि इस साल अभ्यास का दायरा पिछले वर्षों के समान होगा। दोनों सहयोगी देशों ने कहा है कि 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने की उनकी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने दोहराया कि यह अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का है। उत्तर कोरिया की चेतावनी से संकेत मिलता है कि वह आगामी दिनों में हथियारों के और परीक्षण कर सकता है। उसके पड़ोसी देशों ने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की जानकारी दी थी। उत्तर कोरिया ने इन प्रक्षेपणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का आकलन है कि इनका संभावित उद्देश्य अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास का विरोध करना या हथियार प्रणालियों को उन्नत करना था। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को 'आक्रामक युद्ध का ऐसा पूर्वाभ्यास'' बताया जिससे 'क्षेत्र में अलग स्तर की अस्थिरता पैदा हो रही है।'

ऑफ बीट

दूसरे के गलत होने का अहसास भी करता है परेशान

वॉशिंगटन। टीके, जलवायु परिवर्तन या चुनाव जैसे मुद्दों पर मतभेद अक्सर इतने व्यक्तिगत क्यों महसूस होते हैं? एंड्रास मोलनार (मिशिगन विश्वविद्यालय) और जॉर्ज लोवेनस्टीन (कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय) का कहना है कि हमारे शोध से पता चलता है कि ऐसा केवल इसलिए नहीं होता कि दूसरे लोगों की मान्यताएं हमसे अलग होती हैं, बल्कि इसलिए होता है, क्योंकि हमें लगता है कि उनकी मान्यताएं गलत हैं। हम व्यवहार विज्ञान के शोधकर्ता हैं और राजनीति तथा रोजमर्रा की जिंदगी में मान्यताओं की भूमिका का अध्ययन करते हैं। हमारे नए शोध में पाया गया है कि लोग दूसरों की मान्यताओं से तब ज्यादा परेशान होते हैं, जब उन्हें लगता है कि वे मान्यताएं केवल उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि गलत सूचनाओं पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, दो लोग आव्रजन के आदर्श स्तर को लेकर असहमत हो सकते हैं। लेकिन, अगर उनमें से एक का मानना है कि प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अधिक अपराध करते हैं और दूसरा व्यक्ति आंकड़ों के आधार पर इसके विपरीत मानता है, तो उनकी असहमति वास्तविकता और सच्चाई को लेकर विवाद में बदल जाती है। यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि ध्रुवीकरण पर होने वाली सार्वजनिक बहस अक्सर एक सामान्य विचार से शुरू होती है, लोग उन लोगों को पसंद करते हैं जो उनके जैसा सोचते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सावरकर पर टिप्पणी का मामलाः राहुल गांधी के खिलाफ केस सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी कानूनी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश में चल रही आपराधिक कार्यवाही, शिकायत और मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस अपराध के तहत संज्ञान लिया गया था, उसके लिए कानूनन जरूरी सरकार की पूर्व मंजूरी (सैंक्शन) मौजूद नहीं थी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि अभियोजन के लिए आवश्यक मंजूरी दी गई थी या नहीं। राज्य की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने बताया कि ऐसी कोई मंजूरी नहीं दी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे में भी इस मंजूरी के दिए जाने का कोई उल्लेख नहीं था।

क्या है पूरा मामला?

यह मामला राहुल गांधी की 17 नवंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि गांधी की टिप्पणियों से सावरकर का अपमान हुआ और समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया। इसी आधार पर लखनऊ की अदालत में आपराधिक शिकायत दाखिल की गई थी। लखनऊ की मजिस्ट्रेट अदालत ने दिसंबर 2024 में राहुल गांधी को आरोपी के तौर पर समन जारी किया था। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना) और धारा 505 (सार्वजनिक शांति के लिए नुकसानदेह बयान) के तहत कार्रवाई की गई थी। राहुल गांधी ने इस आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने अप्रैल 2025 में कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

धारा 196 बनी निर्णायक आधार

कोर्ट में सबसे अहम कानूनी सवाल यह था कि क्या धारा 153ए के तहत अदालत संज्ञान लेने से पहले आवश्यक सरकारी मंजूरी ली गई थी? उस समय लागू भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 196 के तहत धारा 153ए जैसे अपराधों में अदालत द्वारा संज्ञान लेने से पहले केंद्र सरकार, राज्य सरकार या संबंधित जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व मंजूरी आवश्यक थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की ऐसी मंजूरी मौजूद नहीं थी। याची ने आग्रह किया यदि मंजूरी आवश्यक है तो समन रद्द कर मामला दोबारा मजिस्ट्रेट के पास भेज दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। पीठ ने कहा कि मंजूरी संज्ञान लेने से पहले अनिवार्य कानूनी शर्त है। जब आवश्यक मंजूरी ही नहीं थी तो आपराधिक कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकती। अगर मंजूरी नहीं है, तो मामला यहीं समाप्त होता है।

2025 में सुप्रीम कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

दिलचस्प बात यह है कि इसी मामले की सुनवाई के दौरान अप्रैल 2025 में कोर्ट ने राहुल की सावरकर संबंधी टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी जताई थी। उस समय अदालत ने आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाते हुए गांधी को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भविष्य में ऐसी टिप्पणियां नहीं करने की चेतावनी दी थी। अदालत ने कहा था कि स्वतंत्रता सेनानियों का इस तरह उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। आज का फैसला राहुल की टिप्पणी सही या गलत होने के सवाल पर नहीं दिया गया। कोर्ट ने मामले का निपटारा मुख्य रूप से उस अनिवार्य कानूनी प्रक्रिया के आधार पर किया जिसमें अभियोजन शुरू करने से पहले आवश्यक सरकारी मंजूरी मौजूद नहीं थी। **शिकायत और कार्यवाही अब समाप्त :** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे में आवश्यक मंजूरी का कोई खुलासा नहीं मिलने के आधार पर शिकायत और मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेशों को रद्द कर दिया। इससे राहुल के खिलाफ उत्तर प्रदेश में आपराधिक कार्यवाही समाप्त हो गई है।

केंद्रीय मंत्री ने चंडीगढ़ में सीबीडीसी-आधारित डीबीटी का किया शुभारंभ

ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बोलेः किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में शुक्रवार को सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर व्यवस्था का शुभारंभ किया। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बंभणिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। चौहान ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, सुरक्षा और समयबद्धता लाने का अहम कदम है।

चौहान ने बताया कि चंडीगढ़ में शुरू यह प्रयोग देशव्यापी मॉडल के रूप में अपनाया जाएगा। नई व्यवस्था में तकनीकी पाबंदियां इस तरह लगाई गई हैं कि लाभार्थी केवल खाद्यान्न व अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की खरीद पर ही लेनदेन कर सके ताकि पैसा गलत जगह खर्च न हो। साथ ही, लाभार्थियों को चॉइस की सुविधा भी मिलेगी। वे गेहूँचावल के अलावा दाल या अन्य जरूरी खाद्य पदार्थ चुन सकेंगे। चौहान ने विभागीय टीम और अधिकारियों की तारीफ करते हुए इसे बड़ा नवाचार बताया।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने स्पष्ट किया कि कृषि नीतियों और खाद्य सुरक्षा के मामले में किसानों के हित से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसानों के लिए जितने भी समझौते दुनियाभर के देशों से हुए वो राष्ट्रहित, किसानहित और जनताहित सर्वोपरि की अवधारणा को लेकर हुए। बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि विपक्ष को इसमें भी तकलीफ है। उन्होंने देश के गेहूँधान के मजबूत भंडारों का हवाला देते हुए कहा कि अब भारत अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर निर्यात भी करता है। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान सम्मान निधि और अन्य लाभों की पारदर्शी डिलीवरी जारी रहेगी और किसानों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

चौहान ने संसद में हो रही बाधाओं और विपक्ष के व्यवहार पर तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यवधान संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अपमान हैं और देशहित में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में बहस जरूरी है, पर व्यवधान अस्वीकार्य है।

देश के नाम राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन

'सिंधु जल संधि' निलंबन को राष्ट्रीय हित में सही कदम कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। न्याय व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सिंधुजल निलंबन को सही ठहराया।

हर भारतीय देश की तरक्की में योगदान दे

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना आजादी की असली कीमत है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि वैद्य, पुत्रः कृष्ण कुमार, पताः 771/12, आर आर ब्लॉक, रहमान बिल्डिंग, शाहदरा, दिल्ली** ने **FIR No. 137/2023, U/s 354/354A/506/509 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि वैद्य** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि वैद्य** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 137/2023, U/s 354/354A/506/509 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अभियुक्त **रवि वैद्य** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री शिप्रा धनकड़
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कमरा नं. 55
दूसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11062/SHD/2026

सूर्या इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः बी–1/ एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
फोनः +91 11 42504115; फैक्सः +911128898016; ईमेलः cs@haldiram.com
सीआईएनः L74899DL1985PLC019991, वेबसाइटः www.suryaindialtd.com

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के सार (राशि लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.06.2025 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2026 (लेखापरीक्षित)
1	परिचालनों से कुल आय (शुद्ध)	167.51	187.74	132.62	737.53
2	कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ, असाधारण और/या असामान्य मदें	64.76	75.56	51.53	358.20
3	कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद	64.76	75.56	51.53	358.20
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) और असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद	45.33	58.29	36.30	268.01
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि),(कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं)}	45.33	(800.40)	36.30	(586.65)
6	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–)	698.58	698.58	698.58	698.58
7	आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि छोड़कर) जैसा पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दिखाया गया है	-	-	-	
8	प्रति शेयर आय (प्रत्येक रू 10/–) (जारी और बंद परिचालनों के लिए)				
	1. मूल (रुपयों में):	0.65	0.83	0.52	3.84
	2. परिसमाप्त (रुपयों में):	0.65	0.83	0.52	3.84

नोट्सः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के समय–समय पर यथासंशोधित विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध हैं।
2) उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा लेखा समिति द्वारा 13.08.2026 को आयोजित बोर्ड की बैठक में की गई है जिसे निदेशक मंडल ने अपनी स्वीकृति दे दी है। कंपनी के संवैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा उसकी सीमित समीक्षा की गई है।
3) 21 नवंबर, 2025 को भारत सरकार ने चार श्रम संहिताएं अधिसूचित कीं थी, अर्थात् मजदूरी संहिता, 2019; औद्योगिक संबंध संहिता, 2020; सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020; तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020, जिनके माध्यम से 29 श्रम कानूनों को समेकित किया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने प्रभाव आकलन को सुगम बनाने के लिए प्रारूप केंद्रीय नियम और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) भी जारी किए हैं। उपलब्ध सर्वोत्तम जानकारी तथा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) से प्राप्त मार्गदर्शन के आधार पर, कंपनी ने 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों में कोई वृद्धिशील प्रभाव मान्य नहीं किया है। कंपनी केंद्रीय एवं राज्य नियमों के अंतिम रूप दिए जाने तथा सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले आगे के स्पष्टीकरणों की निगरानी करती रहेगी और आवश्यकतानुसार किसी भी अतिरिक्त लेखांकन प्रभाव को दर्ज करेगी।
4) परिचालनसें से कुल आय(शुद्ध) में अन्य आय शामिल नहीं है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13.08.2026

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00011450

रेल मंत्री ने की आनंद विहार स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की समीक्षा

त्योहारों के दौरान भीड़ प्रबंधन और यात्रियों की अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करेंगे यात्री सुविधा केंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन से आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना भी उपस्थित थे। इस समीक्षा में चल रहे कामों में तेज़ी लाने, साइट से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने और सुविधाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया।

इसमें सिविल कार्य, अवरोधों को हटाना, उपयोगिता कार्यों को स्थानांतरित करना, संरचनात्मक कार्य, यात्री सुविधाएं और अन्य संबंधित सुविधाएं भी शामिल थीं। आगामी प्रमुख त्योहारों की भीड़ से पहले यात्री सुविधा केंद्र को पूरा किया जाना है ताकि यात्रियों के लिए सुरक्षित, अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक व्यवस्था की जा सके।यात्री सुविधा केंद्र (पैसेंजर होल्डिंग एरिया) उन यात्रियों के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे हैं जिनके पास टिकट नहीं है और जो प्रतीक्षा कर रहे हैं। इससे व्यस्त समय में स्टेशन प्लेटफॉर्म, आवागमन क्षेत्रों और स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर भीड़ कम करने में मदद मिलेगी। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना और स्टेशन/प्लेटफॉर्म क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले उन्हें आरामदायक प्रतीक्षा वातावरण प्रदान करना है।

आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी

वैष्णव ने कहा, इन केंद्रों में पर्याप्त स्थान वाले ढके हुए प्रतीक्षालय एवं बैठने की व्यवस्था, अलग-अलग टिकट काउंटर, पुरुषों और महिलाओं के लिए शौचालय और वॉशरूम, पीने का पानी और अन्य आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, पब्लिक एड्रेस और यात्री सूचना प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बिजली और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सुविधाएं, डिस्प्ले बोर्ड, साइनबोर्ड, यात्रियों के लिए सुव्यवस्थित आवागमन और फर्नीचर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

दो चरणों में विकसित किया जा रहा

आनंद विहार टर्मिनल पर यात्री सुविधा केंद्र का विकास दो चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में लगभग 4,000 यात्रियों के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी नींव, प्लिंथ बीम, संरचनात्मक स्टील निर्माण तथा अन्य संबंधित कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। दूसरे चरण से सुविधा की यात्री-संचालन क्षमता में और मजबूती आएगी, जिसके पूरा होने पर यह लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित करने में सक्षम हो जाएगी। आनंद विहार टर्मिनल और उधना रेलवे स्टेशन पर बने 'यात्री सुविधा केंद्र' भारतीय रेलवे की उस क्षमता को मज़बूत करेंगे जिससे यात्रियों की भारी भीड़ को सुरक्षित, आरामदायक और व्यवस्थित तरीके से संभाला जा सके। साथ ही, इससे यात्रा के व्यस्त समय में भीड़-भाड़ कम होगी और यात्रियों का आवागमन बेहतर होगा।

Alankit
अलंकित लिमिटेड

सीआईएनः एल74900डीएल1989पीएलसी036860
पंजीकृत कार्यालय : 205–208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055
वेबसाइटः www.alankit.in निवेशकों के लिए ईमेलः investor@alankit.com
फोन नंबरः 011–42541234/904

37वीं वार्षिक आम बैठक, ई–वोटिंग की जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **मंगलवार, 08 सितंबर, 2026 को सुबह 11:00** बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")⁄अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के जरिए आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों, और सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ("सेबी")(लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन्स, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुसार होगी। साथ ही, इसमें कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा 08 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 05 मई 2020 को जारी जनरल सर्कुलर और इस संबंध में बाद में जारी सर्कुलर (जिनमें सबसे नया जनरल सर्कुलर नंबर 03/2025, तारीख 22 सितंबर, 2025 है, जिन्हें सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर" कहा जाता है) और सेबी द्वारा 12 मई 2020, 15 जनवरी 2021, 13 मई 2022, 05 जनवरी 2023, 06 अक्टूबर 2023, 07 अक्टूबर 2023 और 03 अक्टूबर 2024 को जारी सर्कुलर ("सेबी सर्कुलर") को भी ध्यान में रखा जाएगा। इस बैठक में **14 अगस्त, 2026** की एजीएम की सूचना में बताए गए कामकाज पूरे किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 37वीं एजीएम का नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल एड्रेस कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, 'अलंकीत असाइनमेंट्स लिमिटेड' और डिपॉजिटरी के पास रजिस्टर्ड हैं। ऊपर बताए गए एमसीए और सेबी सर्कुलर के अनुसार, एजीएम के नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की फिजिकल कॉपी भेजने की जरूरत को खत्म कर दिया गया है। 37वीं एजीएम का नोटिस, साथ ही व्याख्यात्मक बयान और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.alankit.in पर अपलोड कर दी गई है और ये एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और www.bseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

बुक क्लोजरः एजीएम के उद्देश्य से, कंपनी का सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स **31 अगस्त, 2026 से 8 सितंबर, 2026 (दोनों दिन शामिल)** तक बंद रहेंगी।

ई–वोटिंगः कंपनी अपने उन सदस्यों को, जिनके पास **सोमवार, 31 अगस्त, 2026 (कट–ऑफ तारीख)** को फिजिकल या डीमैट रूप में इक्विटी शेयर हैं, एनएसडीएल की ई–वोटिंग सेवाओं के जरिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोट करने की सुविधा नीचे बताए गए तरीके से दे रही हैः

(ए) **रिमोट ई–वोटिंगः** रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा 05 सितंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे शुरू होगी और 07 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगीय इसके बाद इसे बंद कर दिया जाएगा।

(बी) **एजीएम में ई–वोटिंगः** एजीएम में उन सदस्यों के लिए भी ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के जरिए अपना वोट नहीं दिया है और जोवीसी/ओवीएएम के जरिए एजीएम में शामिल हो रहे हैं।

कट–ऑफ तिथि यानी 31 अगस्त, 2026 को 'सदस्यों के रजिस्टर' या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए 'बेनिफिशियल ओनर्स के रजिस्टर' में जिन सदस्यों के नाम दर्ज हैं, वे ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने और एजीएम में भाग लेने व वोट देने के हकदार होंगे।

जो सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के जरिए अपना वोट नहीं डाल पाए हैं और एजीएम में मौजूद हैं, वे नोटिस में बताई गई प्रक्रिया का पालन करके एजीएम में ई–वोटिंग के जरिए वोट देने के पात्र होंगे।

एजीएम का नोटिस भेजे जाने के बाद जो व्यक्ति कंपनी का सदस्य बना है और कट–ऑफ तारीख पर जिसके पास शेयर हैं, वह 'अलंकीत असाइनमेंट्स लिमिटेड' और डिपॉजिटरी को रिक्वेस्ट भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। साथ ही, एजीएम के नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करके रिमोट ई–वोटिंग के जरिए अपने वोटिंग अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है और एजीएम में शामिल होकर वोट कर सकता है।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास इसे पंजीकृत कराएं (अगर शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं)। अगर शेयर फिजिकल रूप में हैं, तो वे investor@alankit.com और rta@alankit.com पर अनुरोध भेजकर ऐसा कर सकते हैं। इस अनुरोध के साथ उन्हें अनुरोध पत्र की हस्ताक्षरित स्कैन कॉपी (जिसमें ईमेल पता, मोबाइल नंबर और स्व–सत्यापित पैन कॉपी हो) भेजनी होगी, ताकि वे 37वीं एजीएम के नोटिस के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2025–26 इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त कर सकें।

जिन सदस्यों ने पहले ही अपना ईमेल पता, मोबाइल नंबर, डाक का पता और बैंक खाते की जानकारी पंजीकृत कर ली है, उनसे अनुरोध है कि वे इन्हें मान्य करें / अपडेट करें। अगर शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं, तो संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करेंय और अगर शेयर फिजिकल रूप में हैं, तो 'अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड' (पताः 205–208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055) से संपर्क करें।

मेसर्स एन. सी. खन्ना, कंपनी सेक्रेटरीज के श्री एन. सी. खन्ना (मेंबरशिप नंबरः F4268) को एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग प्रोसेस और ई–वोटिंग की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया गया है।

ई–वोटिंग या वीसी/ओएवीएम में भाग लेने के लिए तकनीकी सहायताः
ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड से संपर्क किया जा सकता है या evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भेजा जा सकता है। किसी भी तरह की सहायता के लिए कृपया कंपनी को लिखें।

निदेशक मंडलर्स के आदेश से
अलंकित लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
साक्षी थापर
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 14/08/2026

आईएसटी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः धारूहेड़ा इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, दिल्ली–जयपुर हाईवे नंबर 8, कापरीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)–123106
प्रधान कार्यालयः ए–23, न्यू ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024
सीआईएनः L33301HR1976PLC008316 फोनः 011–41044511–14; फैक्सः 011–24625694; ईमेलः istgroup.ho@gmail.com; वेबसाइटः www.istindia.com

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के सार (राशि भारतीय लाख रूपयों में, ईपीएस छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	31.03.2026 लेखापरीक्षित	30.06.2025 अलेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित	स्टैंडअलोन: समाप्त तिमाही 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	31.03.2026 लेखापरीक्षित	30.06.2025 अलेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 लेखापरीक्षित
1	कुल आय	5024.64	263.96	4076.46	7745.84	12181.29	1641.96	10177.47	25932.34
2	कर और असाधारण मदों से पूर्व शुद्ध लाभ	4127.29	(656.39)	3353.77	4465.12	9918.05	(713.11)	9153.06	19910.27
3	कर से पूर्व असाधारण मदों के बाद शुद्ध लाभ	4127.29	(656.39)	3353.77	4465.12	9918.05	(713.11)	9153.06	19910.27
4	कर के बाद शुद्ध लाभ	3498.13	(598.13)	2841.79	3709.28	8310.86	(950.24)	7234.76	15349.66
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर कटौती के बाद)	3439.62	(506.87)	2840.79	4126.24	13215.16	(3115.84)	12419.61	21899.27
6	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रति शेयर रूपये 5/–)	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68
7	अन्य इक्विटी	-	-	-	31474.91	-	-	-	168637.01
8	प्रति शेयर आय(अंकित मूल्य प्रति शेयर रूपये 5/–)								
	– मूल (रूपये में)	29.99	(5.13)	24.36	31.80	71.25	(8.15)	62.02	131.60
	– परिसमाप्त (रूपये में)	29.99	(5.13)	24.36	31.80	71.25	(8.15)	62.02	131.60

नोट्सः उपरोक्त 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लिमिटेड) के साथ दायर तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.istindia.com पर उपलब्ध है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14 अगस्त, 2026

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/–
(मयूर गुप्ता)
निदेशक
डीआईएनः 00131376

एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
टेलीफोनः +91–11–42504842
ई–मेलः sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइटः www.sbecsystems.in

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथककृत: तिमाही समाप्त 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	30.06.2025 अलेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित	समेकित: तिमाही समाप्त 30.06.2026 अलेखापरीक्षित	30.06.2025 अलेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित
1	कुल आय	86.16	94.98	394.80	86.16	94.98	394.80
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण आइटम)	19.29	22.03	12.83	19.29	22.03	12.83
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण आइटम और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद)	19.29	22.03	12.83	19.29	22.03	12.83
4	शुद्ध कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) (अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद)	19.29	22.03	151.26	19.29	22.03	151.26
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	–	–	–	–	–	–
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00	1000.00
7	पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	–	–	(646.72)	–	–	(2069.82)
8	प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) (जारी और बंद परिचालन के लिए)						
	क. मूल	0.19	0.22	1.51	0.19	0.22	1.51
	ख. तनुकृत	0.19	0.22	1.51	0.19	0.22	1.51

टिप्पणियाँः
1. उपरोक्त 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 14 अगस्त, 2026 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (यथा संशोधित) के साथ पठित अनुसार तैयार किए गए हैं।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14.08.2026

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
(अध्यक्ष एवं निदेशक)
डीआईएनः 00004606

पश्चिम एशिया में टकराव शुरू होने के बाद कई हफ्तों तक रही थी गिरावट

विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड उछाल, पहली बार 707 अरब डॉलर के पार पहुंचा खजाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 10.512 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.87 अरब डॉलर रहा था।

इस साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि पश्चिम एशिया में टकराव शुरू होने के बाद कई हफ्तों तक इसमें गिरावट दर्ज की गई। संकट के दौरान रुपए पर दबाव बनने से रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में दखल देना पड़ा।

स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.99 अरब डॉलर बढ़ा

इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.99 अरब डॉलर बढ़कर 108.74 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.74 अरब डॉलर पर पहुंच गए। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का आरक्षित भंडार भी 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.89 अरब डॉलर हो गया।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.95 अरब डॉलर बढ़ी

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वालीं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.95 अरब डॉलर बढ़कर 574.62 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में इन परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। पिछले महीने सरकार और आरबीआई ने देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए एफसीएनआर (बी) समेत कई उपायों की घोषणा की थी। इन प्रयासों से अब तक करीब 40 अरब डॉलर प्राप्त हो चुके हैं।

एसजीबी सीरीज थर्ड का रिडेम्पशन शुरू

नई दिल्ली। सॉवेरन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) 2019-20 सीरीज थर्ड के निवेशक सोमवार से प्रीमैच्योर रिडेम्पशन प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रिडेम्पशन प्राइस 15,310 रुपए प्रति यूनिट तय किया गया है, जो कि इसके इश्यू प्राइस 3,449 प्रति यूनिट से करीब 4 गुना ज्यादा है। एसजीबी 2019-20 सीरीज III को 14 अगस्त, 2019 को जारी किया गया था। एसजीबी के एक यूनिट की वैल्यू करीब एक ग्राम होती है। रिडेम्पशन की कीमत, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा पब्लिश किए गए 999-प्योरिटी वाले सोने के क्लोजिंग प्राइस के सिंपल एवरेज पर आधारित होती है।

रुपया 3 पैसे की बढ़त के साथ 95.42 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई (एजेंसी)। अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को मिले समर्थन के बीच रुपया शुक्रवार को 3 पैसे मजबूत होकर 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपए पर दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.39 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.38 से 95.44 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में रहा। अंत में 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 3 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को 12 पैसे टूटकर 95.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का लाभ दोगुना (नई दिल्ली): कार्यस्थल प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 23.93 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का शुद्ध लाभ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 10.03 करोड़ रुपए रहा था।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	दिल्ली डिवीजन में तीन वर्षों के लिए HBL मेक के IPS का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	Rs. 2,99,49,652.8/-
धरोहर राशि (₹)	Rs. 5,99,000.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 14.08.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 07.09.2026 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-T-AMC-094 दिनाँक : 14.08.2026 2816/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विनोद उर्फ राहुल पुत्रः श्री राजेंद्र कुमार पताः 35, लूकरगंज, इलाहाबाद, उ.प्र. इसके अलावाः 3215 / 15, बी–ब्लॉक, 25 फुटा रोड, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली,** ने **FIR No. 190/2014 U/s 380/457/411/34 IPC थानाः बुराड़ी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **विनोद उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 190/2014 U/s 380/457/411/34 IPC थानाः बुराड़ी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनोद उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
जेएमएफसी–09, कमरा नंबर 286
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11281/N/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इनाम उर्फ इन्ना** पुत्र इस्माइल निवासी ग्राम जमालगढ़, थाना पुन्हाना, ज़िला नूह मेवात, हरियाणा ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16853/2025 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहीन बाग़, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनाम उर्फ इन्ना** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनाम उर्फ इन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इनाम उर्फ इन्ना, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 16853/2025 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना शाहीन बाग़, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
तपस्या अग्रवाल
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कमरा नंबर 516, दक्षिण-पूर्व ज़िला
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/11264/SE/2026

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

मंडल अभियंता/सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

कार्य का नाम	(A) ADEN/E-IV के अधीन SSE/W/SSB के सेक्शन में रिक्त क्वार्टरों की मरम्मत एवं सुधार कार्य।		
	(B) ADEN/E-IV के अधीन SSE/W/PB के सेक्शन में रिक्त क्वार्टरों की मरम्मत एवं सुधार कार्य।		
	(C) ADEN/E-IV के अधीन SSE/W/DKZ-I के सेक्शन में अनपॉपुलर/नव आवंटित क्वार्टरों की मरम्मत कार्य।		
	(D) ADEN/E-IV के अधीन SSE/W/DKZ-I के सेक्शन में DKZ-I रेलवे कॉलोनी के ब्लॉक नं. 1 से 14 तथा 42 से 44 में क्षतिग्रस्त सीवेज/ड्रेनेज प्रणाली की मरम्मत एवं पुरानी जंग लगी जल आपूर्ति पाइपलाइन को बदलने का कार्य।		
	(E) ADEN/E-IV के अधीन DKZ-II रेलवे कॉलोनी में अनपॉपुलर/नव आवंटित क्वार्टरों की मरम्मत कार्य।		
	(F) ADEN/E-I के अधीन SSE/W/MNTB के सेक्शन में TKJ स्थित ORH अभिनंदन में फायर फाइटिंग सिस्टम में सुधार, एड्रेसेबल अलार्म सिस्टम, PA सिस्टम तथा रिकॉर्ड रूम और DAO भवन में दिल्ली फायर सर्विस के निर्देशानुसार फायर स्प्रिंकलर सिस्टम का प्रावधान, तथा DAO भवन में 36 माह के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) एवं TKJ में SSE/W/MNTB के सेक्शन के अंतर्गत ORH अभिनंदन में 36 माह के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम का संचालन एवं रखरखाव कार्य।		
अनुमानित लागत	(A) ₹11999928.54	(B) ₹7999856.78	(C) ₹8999625.13
	(D) ₹8999901.61	(E) ₹8999892.70	(F) ₹31528496.68
धरोहर राशि	(A) ₹240000.00	(B) ₹160000.00	(C) ₹180000.00
	(D) ₹180000.00	(E) ₹180000.00	(F) ₹630600.00
समापन अवधि	क्रम. सं. A, B, C D एवं E के लिए		8 महीने
	क्रम. सं. F के लिए		36 महीने

1. निविदा दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र संख्याः–128–डब्ल्यू/269/ओ.ई.टी/निविदा सूचना/26–27/डब्ल्यू–ई/टेंडर. नः 11(ए, बी, सी, डी, ई, एफ) दिनांकः 12.08.2026 2805/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सोना 800 रुपये गिरा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट पर रहा। मुनाफावसूली और कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 800 रुपये टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि सोने की कीमत में गिरावट के बीच चांदी का भाव 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा।
एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने में गिरावट आई। उम्मीद से कम अमेरिकी उत्पादक-मूल्य आंकड़ों के बावजूद हाजिर सोना की कीमत में कमी देखी गई।

चौथे दिन भी जारी रही बाजार की सुस्ती, सेंसेक्स 71 अंक गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत बढ़कर 87.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सेंसेक्स में 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत नुकसान में रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजार कमोबेश स्थिर रुझान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान गतिरोध बने रहने और होर्मुज जलडमरुमध्य खुलने को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

7 राज्य में लगेंगे 1,380 नए जीसीसी रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

नई दिल्ली। देश के सात राज्यों ने 2031 तक करीब 1,380 वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जिससे रोजगार के अतिरिक्त 12 लाख अवसर सृजित होंगे। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने यह जानकारी दी। सीबीआरई ने शुक्रवार को 'द पॉलिसी एडवांटेजः पावरिंग इंडियाज जीसीसी ग्रोथ' नाम से रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, केरल, हरियाणा और मध्य प्रदेश अपने-अपने राज्यों में करीब 1,380 जीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इन राज्यों का 2031 तक कुल करीब 11.8 लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया व अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, 'राज्य सरकारों द्वारा समर्पित जीसीसी नीतियां बनाने की गति भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट परिदृश्य में अभूतपूर्व है।'

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि पुत्रः ब्रिजपाल सिंह पताः मकान नं. ए–150, प्रथम तल, इस्माईलपुर, जैतपुर, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 577/2021 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 577/2021 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.10.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं. 515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/11316/SE/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शुएब उर्फ गांधी पुत्र मोहम्मद वहीद पता मकान नं. पी–258, बस्ती ख्वाजा मीर दारा ईट्स बेरोन रोड दरियागंज दिल्ली ने एफआईआर नं संख्या 357/2025 धारा 303(2)/317(2)/3(5)/106 भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शुएब उर्फ गांधी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शुएब उर्फ गांधी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 357/2025 धारा 303(2)/317(2)/3 (5)/106 भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली के उक्त शुएब उर्फ गांधी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीति
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03(केन्द्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा नं.150, कोर्ट भवन
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10275/CD/2026

डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली–110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

क्र. सं.	विवरण	30.06.2026 के अनुसार समाप्त तिमाही हेतु	30.06.2025 के अनुसार पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह	31.03.2026 को समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	39.57	24.24	80.65
2	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों से पूर्व)	22.68	15.51	56.14
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	22.68	15.51	56.14
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	16.49	11.62	50.33
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	16.49	11.62	50.33
6	इक्विटी शेयर कैपिटल @ रु. 10/– प्रत्येक	1,161.29	1,161.29	1,161.29
7	रिजर्व (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के) बेसिक :	0.14	0.10	0.43
	डायल्यूटेड :	0.14	0.10	0.43

टिप्पणी :–
1. उपरोक्त तैमाहिक परिणामों को ऑडिट कमेटी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और 13 अगस्त 2026 को आयोजित इसकी बोर्ड बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं और ये सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये हैं।
2. तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदनुसार, ये वित्तीय परिणाम तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि हेतु परिणामों सहित कम्पनी अधिनियम 2013 (''दि एक्ट'') की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक 34 ''अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग'' (''Ind AS 34'') में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों के अनुरूप, और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा संशोधित अनुसार सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 (दि ''लिस्टिंग रेगुलेशंस'') के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अथवा अन्य नियामकों द्वारा जारी कोई एप्लीकेशन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरणों / निर्देशों को जैसे और जब जारी / लागू किये जाते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये गये हैं।
4. भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड (''सेबी'') (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
5. कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक ''ऑपरेटिंग सेगमेंट्स'' (Ind AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट्स नहीं हैं और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।
6. पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
राजेश गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00025324

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.08.2026

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ''खुली–ई'' निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा नोटिस सं NER-BSB0SnT-OT-46-2026 कार्य का नामः** वाराणसी डिवीज़न के व.म.सि.दू.ई./समन्वय/वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में, आर.डी.एस.ओ. द्वारा जारी नवीनतम TAN के अनुसार सिग्नल और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए बैलेंस अर्थिंग और बॉन्डिंग का कार्य। **अनुमानित लागतः ₹37724025.00 बयाना की राशिः ₹754500.00 निविदा प्रपत्र की कीमत : Rs 00.00 कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 07.09.2026 को 15.00 बजेः नोटः 1.** ई–निविदा दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

मं0रे0प्र0 (सि0एवंदू0सं0)/वाराणसी
मुजाधि/सिंगनल–97

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

लेनोवो का पहली तिमाही का राजस्व 18 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। लेनोवो इंडिया के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मजबूत मांग से यह वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने भारत में अपने कारोबार से संबंधित राजस्व का विशिष्ट आंकड़ा जारी नहीं किया है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा, लेनोवो इंडिया का यह प्रदर्शन व्यक्तिगत एआई और उद्यम एआई के लिए हमारे पूर्ण-स्तरीय हाइब्रिड एआई समाधानों की मजबूती, हमारी आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि ग्राहक अब अलग-अलग प्रौद्योगिकियों के बजाय तेजी से एकीकृत समाधान तलाश रहे हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका नांगल चौधरी	एम.सी. नांगल चौधरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए मौजूदा वितरण प्रणाली तक जीआई पाइप लाइन जोड़ना और 2 अदद अतिरिक्त नलकूप का प्रावधान व स्थापना	बंद होने की तिथि 24.08.2026	96.77 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812892869 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/48208/I/88/7 दि. 14.08.26

शब्द पहेली - 6318

1		■	2		■	3		■	4	5
	■	6		■	7		■	8		
■	9		■	10		■	11			■
12		■	13		■	14			■	15
	■	16		■	17			■	18	
■	19		■	20			■	21		■
22		■	23			■	24		■	25
	■	26			■	27		■	28	
■	29			■	30		■	31		■
32			■	33		■	34		■	35
36		■	37		■	38		■	39	

बाएँ से दाएं
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली -6317 का हल

क	फ	■	ज	प	■	त	न	■	शा	न
प	त	न	■	ल	त	■	भ	ला	■	शा
■	वा	न	र	■	म	ल	■	ज	रा	■
फि	■	द	म	न	■	क	द	■	ज	न
दा	दा	■	ल	क	वा	■	म	स्त	■	ख
■	न	या	■	ल	च	क	■	र	थ	■
रा	■	क	ल	■	क	ल	म	■	ल	ब
ही	र	■	हू	र	■	ह	म	ल	■	ल
■	स	जा	■	जा	ल	■	ता	ड़	ना	■
य	■	म	त	■	व	ध	■	ना	का	रा
म	य	■	ल	क्ष्य	■	न	ल	■	म	जा



स्वियातेक ने जीता साल का पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

कैनेडियन ओपन में स्वियातेक ने रायबाकिना 6-2, 6-3 से हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

पौलेंड की इगा स्वियातेक ने कैनेडियन ओपन 2026 महिला एकल का खिताब जीत लिया है। टोरंटो में खेले गए फाइनल मुकाबले में स्वियातेक ने कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-2, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्वियातेक का इस सीजन का यह पहला खिताब है।

टूर्नामेंट में जारी अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए पोलैंड की सातवीं सीड खिलाड़ी स्वियातेक ने पहले सेट में ही बढ़त बना ली थी, जबकि दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना ने लगातार दो डबल फॉल्ट पर ब्रेक पॉइंट गंवा दिया। स्वियातेक के पहला सेट जीतने के लिए रायबाकिना की यह गलती काफी थी। दूसरे सेट में भी रायबाकिना को अपनी गलतियों का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने दो मिस्ड बैकहैंड ने स्वियातेक को एक और ब्रेक दिया। रयाबाकिना एक चैंपियनशिप पॉइंट बचाने में कामयाब रहीं, लेकिन स्वियातेक ने पिछले सितंबर के बाद से अपना पहला खिताब हासिल करने के लिए दूसरे मौके को भुना लिया।

स्वियातेक के लिए जीत बेहद अहम

स्वियातेक के लिए यह जीत बेहद अहम है। यूएस ओपन की तैयारी कर रही स्वियाटेक का इस जीत के बाद आत्मविश्वास बढ़ेगा। लंबे समय से कोई खिताब न जीत पाने के कारण आलोचन का सामना कर रहीं स्वियातेक ने खिताबी जीत के बाद कहा कि यह खिताब मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि पिछले कुछ महीने बिल्कुल भी आसान नहीं रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने आगे बढ़ने, अपने गेम को थोड़ा बदलने, इंटरनेट और ऑनलाइन पर ऑडियंस की मेरे बारे में हर समय बनी राय के बावजूद बेहतर होने पर फोकस किया है। इन सब से डील करना आसान नहीं है। मुझे खुशी है कि असलियत अलग है, मेरे आस-पास ऐसे लोग हैं जो हर सप्ताह और हर दिन मेरा समर्थन करते हैं। ये लोग यहां अपना बेस्ट करने और अपना बेस्ट देने के लिए हैं, जो मुझे पुश करता रहता है।

खुद पर फोकस करते रहो : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं यह खिताब उन सभी लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जिन्हें गलत तरीके से जज किया जा रहा है या जिन्हें नफरत का सामना करना पड़ रहा है, चाहे वह खेल में हो या जिंदगी के किसी और क्षेत्र में। मुझे पता है कि यह कितना भारी लग सकता है। सच कहूं तो, उन विचारों को पावर देना सही नहीं है, और यह जानना जरूरी है। आगे बढ़ते रहो, पूरी कोशिश करते रहो, खुद पर फोकस करते रहो, क्योंकि यही सबसे अच्छी चीज है जो तुम कर सकते हो। हमेशा वह सब याद रखो जो आने वाला है और वह सब कुछ जो तुम हासिल कर सकते हो। हां, हम यहां हैं।"

नेशनल बैंक ओपन : शेल्टन बने चैंपियन, नकाशिमा को दी मात

मॉन्ट्रियल। बेन शेल्टन ने ऑल अमेरिकन फाइनल में ब्रैंडन नकाशिमा को 6-3, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन के नाम अब एटीपी टूर में सात खिताब हैं। उन्होंने इस साल डलास, म्यूनिख और स्टुटगार्ट में भी खिताब जीते हैं। उन्होंने पिछले साल टोरंटो में इस कनाडाई टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

शेल्टन ने की 142 मील प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस

शेल्टन ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। 2019 में राफेल नडाल के बाद कनाडा में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले पहले खिलाड़ी बने 23 वर्षीय बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। शेल्टन ने पूरे मुकाबले में 142 मील प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस की और एक घंटे 27 मिनट चले मुकाबले में नकाशिमा को एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं करने दिया। युगल फाइनल में ब्राजील के रफेल मातोस और ऑरलैंडो लूज ने क्रोएशिया के माते पाविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 5-7, 6-4, 10-6 से हराया।

आज सुबह 10 बजे से गॉल में भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच

डब्ल्यूटीसी में वापसी की तलाश में भारत

एजेंसी ▶▶| गॉल

भारतीय बल्लेबाजों की शनिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिन के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी और इस श्रृंखला का नतीजा मुख्य कोच गौतम गंभीर की देश के लाल गेंद क्रिकेट के प्रभारी के तौर पर भूमिका के लिए काफी अहम होगा। गंभीर के कार्यकाल में भारत सफेद गेंद (सीमित ओवरों का क्रिकेट) के क्रिकेट में लगभग अजेय टीम रहा है, जिसका अंदाजा चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 विश्व कप में उसके खिताबी अभियान से लगाया जा सकता है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तस्वीर काफी निराशाजनक है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप ने भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। लगातार मिली इन नाकामियों और इसके बाद सहयोगी स्टाफ के दो सहायक कोच तथा एक क्षेत्ररक्षण कोच के जाने से गंभीर और टीम के लिए तत्काल नई ऊर्जा के संचार की जरूरत महसूस होने लगी है। इसका यह मतलब नहीं है कि अगर श्रीलंका में भारत जीत हासिल नहीं कर पाता है तो गंभीर को तुरंत हटा दिया जाएगा लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में आगे की रणनीति को लेकर सत्ता के गलियारों में निश्चित रूप से चर्चा तेज होगी।

श्रीलंका के स्पिन चक्रव्यूह को भेदना लक्ष्य

पंत और जुरेल के लिए अहम मैच

भारत को स्पिन के इस जाल से निकलने के साथ-साथ कुछ खिलाड़ियों के खराब व्यक्तिगत दौर से बाहर निकलने की उम्मीद भी करनी होगी। खासकर ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल के लिए यह अहम समय है। जुरेल को सरफराज खान पर तरजीह मिल सकती है। इन दोनों का हालिया प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। मध्यक्रम के इन दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से निकलने वाले रन और श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ उनका प्रदर्शन इस टेस्ट में बेहद महत्वपूर्ण होगा।

भारत ने 2017 में जीती थी टेस्ट सीरीज

यह स्थिति मौजूदा भारतीय टीम के लिए अनुकूल नहीं है, जिसके बल्लेबाज हाल के समय में मिचेल सैंटनर और साइमन हार्मर जैसे स्पिनरों के खिलाफ बुरी तरह संघर्ष करते नजर आए हैं। हालांकि, मौजूदा टीम में उस भारतीय टीम की झलक दिखती है, जो 2017 में पिछली बार टेस्ट श्रृंखला खेलने श्रीलंका आई थी। विराट कोहली की अगुआई वाली उस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी थे, जो अपने करियर के मध्य चरण में थे। भारत ने उस दौरे पर 3-0 से श्रृंखला जीती थी, जिसमें गॉल में मिली जीत भी शामिल थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के दबदबे का दौर शुरू हुआ था।

भारत को झटका एशिया कप और एशियाई खेलों से बाहर जेमिमा

नई दिल्ली। भारत की महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी महिला एशिया कप और एशियाई खेलों से बाहर हो गई हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 25 वर्षीय जेमिमा को इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी। बोर्ड के अनुसार बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम द्वारा जांच के बाद उनके पैर में 'हाई-ग्रेड टियर' (मांसपेशी का फटना) की पुष्टि हुई है। महिलाओं की चयन समिति ने प्रतिका रावल को जेमिमा के स्थान पर महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है, जिसका आयोजन 28 अगस्त से 13 सितंबर तक दुबई में किया जाएगा। बीसीसीआई ने कहा, 'जेमिमा रोड्रिग्स को तीन अगस्त को इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' खेलते समय दांए पैर की हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में मेडिकल टीम द्वारा किए गए परीक्षण में 'हाई-ग्रेड टियर' की पुष्टि हुई।''

सिन्कफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने की वापसी, फॉरेस्ट को दी मात

सेंट लुई। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पिछले दौर में हार के बाद शानदार वापसी करते हुए सिन्कफील्ड कप के चौथे दौर में नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया और दूसरे स्थान पर चल रहे खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 10 खिलाड़ियों के नौ दौर वाले इस टूर्नामेंट में चार बाजियों में 2.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर से हारने के बाद यह वापसी उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे उनकी पोडियम पर जगह बनाकर ग्रैंड चेस टूर के फिनाले के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ जाएगी। दिलचस्प बात यह रही कि दिन का यह एकमात्र निर्णायक मुकाबला था। बाकी चार बाजियां ड्रॉ रहीं।

तीन अंक के साथ शीर्ष पर वेस्ली

अमेरिका के वेस्ली सो हमवतन लेवोन अरोनियन के साथ ड्रॉ खेलने के बावजूद तीन अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए एक अन्य मुकाबले में फैबियानो करुआना को सेवियन सैमुअल ने ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि अनीश गिरी ने उज्बेकिस्तान के विश्व चैंपियनशिप के दावेदार जावोखिर सिंदारोव के साथ अंक बांटे।

रिद्धिमा दिलावरी ने जीता डब्ल्यूपीजी टूर का खिताब

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

बेंगलुरु। भारत की अनुभवी गोल्फर रिद्धिमा दिलावरी ने अंतिम नौ होल में मन्नत बराड़ की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए हीरो वुमैंस प्रो गोल्फ (डब्ल्यूपीजी) टूर 2026 के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। रिद्धिमा ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया। इससे पहले उन्होंने पहले दो दौर में 67 और 71 का स्कोर किया था। तीनों दौर में उनका कुल स्कोर 10-अंडर 206 रहा, जिससे उन्होंने मन्नत बराड़ को एक स्ट्रोक से पीछे छोड़ दिया।

मन्नत ने अंतिम दौर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह अंडर 66 खेला। उन्होंने सात बर्डी और एक बोगी लगाई। वह कुल नौ अंडर 207 के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। रिद्धिमा का यह इस सत्र में चौथा खिताब है। इससे पहले उन्होंने दूसरे चरण, चौथे चरण और छठे चरण की ट्रॉफी जीती थी। वह दो चरण में उप विजेता भी रही थीं। इस जीत के साथ उन्होंने हीरो 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। विधात्री उर्स और हीना कांग ने तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

मन्नत बराड़ की चुनौती को पछाड़ा

आज वेल्स के खिलाफ विश्व कप का शंखनाद

51 साल का सूखा खत्म करने उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसका लक्ष्य विश्व कप में 51 साल के पदक के सूखे को खत्म करने के अभियान का शानदार आगाज करके देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस का तोहफा देने का होगा। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन भारत ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में पाकिस्तान को हराकर जीता था। इससे पहले 1971 में कांस्य और 1973 में रजत पदक अपने नाम किया था लेकिन पिछले 51 साल में पोडियम पर जगह बनाने में भारतीय टीम नाकाम रही है।

भारतीय टीम के पास सुनहरा मौका

विशेषज्ञों का मानना है कि हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली मौजूदा भारतीय टीम के पास इस बार सबसे सुनहरा मौका है। पूल चरण में भारत (आठवीं रैंकिंग) के सामने जिन टीमों की चुनौती है, उनमें सिर्फ इंग्लैंड (तीसरी रैंकिंग) ही उससे आगे है जबकि पाकिस्तान 12वें और वेल्स 15वें स्थान पर है। टूर्नामेंट के नए प्रारुप में हर पूल से शीर्ष दो टीमें दूसरे दौर में जाएंगी, जहां उन्हें चार चार टीमों के दो समूहों में बांटा जाएगा और दूसरे पूल की टीमों से इस दौर में सामना होगा। इसमें दूसरी क्वालीफाइड टीम के खिलाफ पिछले दौर के अपने पूल के अंक जोड़े जाएंगे। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।

प्रो लीग में भारत ने जर्मनी को हराया था

भारत ने राजगीर में एशिया कप जीता लेकिन प्रो लीग के पिछले सत्र में नौ टीमों में सिर्फ पाकिस्तान के ऊपर आठवें स्थान पर रही। विश्व कप से ठीक पहले हालांकि प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत ने मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी को हराया और ओलंपिक चैम्पियन नीदरलैंड को भी मात दी। कोच क्रेग फुल्टोन ने प्रो लीग 2025-26 में 33 खिलाड़ियों को आजमाने के बाद विश्व कप टीम चुनी, जिसमें भारत के लिए सर्वाधिक 417 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके दिग्गज मिडफील्डर मनप्रीत सिंह भी हैं तो यशदीप सिवाच, मोहित एचएस, शिलानंद लाकड़ा समेत आठ खिलाड़ियों का यह पहला विश्व कप होगा। पूल चरण में भारत को 17 अगस्त को इंग्लैंड से और 19 अगस्त को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है।

☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 15.08.2026 (शनिवार) को स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनज़र, दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा जं. स्टेशनों के बीच रेलगाड़ियों का आवागमन दिनांक 15.08.2026 को प्रातः 06:45 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक अस्थाई तौर पर स्थगित रहेगा। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार निरस्त/परिवर्तित मार्ग/आंशिक निरस्तीकरण/विनियमित/पुनर्निर्धारित की जाएंगी:–

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	निरस्त करने की तिथि (आरंभिक स्टेशन से)
74021 दिल्ली जं. – सहारनपुर जं. डीएमयू	15.08.2026
64417 गाज़ियाबाद – दिल्ली जं. एमईएमयू	15.08.2026
54058 शामली – दिल्ली जं. पैसेंजर	15.08.2026
74024 सहारनपुर जं. – दिल्ली जं. डीएमयू	15.08.2026

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	परिवर्तित मार्ग	मार्ग परिवर्तन तिथि (आरंभिक स्टेशन से)
64402 दिल्ली जं. – साहिबाबाद ईएमयू	वाया नई दिल्ली – तिलक ब्रिज – साहिबाबाद	15.08.2026
64414 दिल्ली जं. – गाज़ियाबाद ईएमयू	वाया नई दिल्ली – तिलक ब्रिज – साहिबाबाद	15.08.2026
64111 खुर्जा जं. – शकूर बस्ती ईएमयू	वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा बी पैनल – तिलक ब्रिज – नई दिल्ली – दिल्ली किशनगंज	15.08.2026
64567 बुलंदशहर – तिलक ब्रिज एमईएमयू	वाया साहिबाबाद – दिल्ली शाहदरा बी पैनल – तिलक ब्रिज	15.08.2026

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/से प्रारंभ करेगी	निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से)
64437 गाज़ियाबाद – दिल्ली जं. ईएमयू	नई दिल्ली पर	15.08.2026
64402 दिल्ली जं. – साहिबाबाद ईएमयू	नई दिल्ली से	15.08.2026
64152 दिल्ली जं. – अलीगढ़ एमईएमयू	गाज़ियाबाद से एवं दिल्ली – गाज़ियाबाद के बीच निरस्त रहेगी	15.08.2026
64025 दिल्ली जं. – शामली एमईएमयू	दिल्ली शाहदरा से एवं दिल्ली – दिल्ली शाहदरा के बीच निरस्त रहेगी	15.08.2026
64022 सहारनपुर–दिल्ली जं. एमईएमयू	दिल्ली शाहदरा पर	15.08.2026
64558 हरिद्वार – दिल्ली जं. एमईएमयू	दिल्ली शाहदरा पर	15.08.2026

रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहाँ रेलगाड़ियाँ रोककर चलाई जाएंगी
18310 जम्मू तवी – सम्बलपुर जं. एक्सप्रेस	रेलगाड़ी को दिनांक 15.08.2026 को सुरक्षा क्लियरेंस समाप्त होने तक दिल्ली जं. स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा।
15910 लालगढ़ जं. – डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस	रेलगाड़ी को दिनांक 14.08.2026 को सुरक्षा क्लियरेंस समाप्त होने तक दिल्ली जं. स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा।
12379 सियालदह – अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस	रेलगाड़ी को दिनांक 15.08.2026 को सुरक्षा क्लियरेंस समाप्त होने तक दिल्ली शाहदरा स्टेशन पर विनियमित किया जायेगा।

रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	पुनर्निर्धारित रेलगाड़ियाँ (आरंभिक स्टेशन से)
12038 दिल्ली जं. – कोटद्वार सिद्धबली जन शताब्दी	रेलगाड़ी दिनांक 15.08.2026 को दिल्ली जं. से 07:00 बजे के स्थान पर 09:10 बजे (130 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी।
15484 दिल्ली जं. – अलीपुर द्वार जं. सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस	रेलगाड़ी दिनांक 15.08.2026 को दिल्ली जं. से 07:35 बजे के स्थान पर 09:20 बजे (105 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी।
12225 आज़मगढ़ – दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस	रेलगाड़ी दिनांक 14.08.2026 को आज़मगढ़ से 16:30 बजे के स्थान पर 18:00 बजे (90 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी।
14342 देहरादून – शकूर बस्ती मसूरी एक्सप्रेस	रेलगाड़ी दिनांक 14.08.2026 को देहरादून से 21:20 बजे के स्थान पर 22:50 बजे (90 मिनट की देरी से) प्रस्थान करेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2820/2026

भारत की उदारता और सहनशीलता को उसकी कमजोरी नहीं समझना चाहिए: डोभाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के मुंहतोड़ जवाब के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान की पहली वर्षगांठ के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की एक महत्वपूर्ण दो टूक टिप्पणी सामने आई है। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया को साफ शब्दों में यह संदेश दे दिया है कि हमारे देश की उदारता और सहनशीलता को किसी भी नजरिए से उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। भारत न केवल जोखिम उठाने बल्कि उसके साथ ही नतीजों की परवाह किए बिना दुश्मन पर अचूक वार करने में पूरी तरह से सक्षम है। यह जानकारी एनएसए ने डिस्कवरी की आगामी

डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'Declassified: Operation Sindoor' को लेकर दिए गए अपने पहले साक्षात्कार में दी है।

ऑपरेशन सिंदूर के एक साल बाद दिए पहले साक्षात्कार में बोले भारत के एनएसए अजीत

निशाने पर थे पहलगाम के गुनहगार

डोभाल ने यह भी कहा कि कुल 88 घंटे तक चले ऑपरेशन सिंदूर का असल मकसद सिर्फ और सिर्फ सीमा पार मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों को तहस-नहस करना था। जिसमें खासतौर पर पहलगाम में आतंक का खूनी खेल खेलने वाले आतंकियों या इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों के ठिकाने ही हमारे निशाने पर थे।

एक झटके में 100 आतंकियों का काम तमाम

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर अभियान को भारत ने 6-7 मई की मध्यरात्रि के बाद शुरू किया था। जिसमें अग्रिम सैन्य मोर्चे पर भारतीय सेना और वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ डटी हुई थीं। जबकि नौसेना ने अरब सागर में दुश्मन को उसकी हद में रहने के लिए मजबूर किया हुआ था। यह अभियान कुल चार दिन, 88 घंटे तक चला। जिसमें सशस्त्र सेनाओं ने एकजुटता के साथ दुश्मन के सैन्य ठिकानों, संचार तंत्रों, वायुसेना के अड्डों को गंभीर क्षति पहुंचाई।

फिर मजबूर होकर 10 मई की शाम 5 बजे पाकिस्तान को भारत के सामने घुटने टेकने पड़े। वो संघर्षविराम समझौता करने के लिए गिड़गिड़ाया, नई दिल्ली ने उस पर सहमति प्रदान की और ऑपरेशन सिंदूर

भारत नतीजों की परवाह किए बिना दुश्मन पर अचूक वार करने में पूरी तरह से सक्षम

सफलता के साथ संपन्न हुआ। भारत में इस समझौते की घोषणा विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की थी। अभियान के दौरान सेना, वायुसेना की कार्रवाई में सीमा पार मौजूद आतंकियों के कुल 9 ठिकानों में मौजूद कुल 100 आतंकवादी मारे गए थे।

अब आतंकवाद नहीं, जीरो टॉलरेंस की नीति

भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को यह स्पष्ट कर दिया था कि उसकी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) की नीति पूरी मजबूती के साथ बरकरार रहेगी। अगर शत्रु राष्ट्र द्वारा अब सीमा पार से भारत पर कोई आतंकी हमला किया गया। तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा। आतंकवाद के साथ-साथ आतंकवादियों को पालने-पोसने वाले उनके आका कहीं भी छिपे बैठे हों।

भारत की सेनाएं न केवल उनका पता लगाएंगी। बल्कि उनका चुन-चुन कर सर्वनाश करेंगी।

15 अगस्त को होगा प्रीमियर

डिस्कवरी ने एक बयान में बताया, इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज को दो भागों में तैयार किया गया है। जिसका प्रीमियर देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शनिवार (15 अगस्त) रात 9 बजे डिस्कवरी और स्ट्रीमिंग सेवा डिस्कवरी+ पर किया जाएगा। यह सीरीज देश के सैन्य और राष्ट्रीय सुरक्षा नेतृत्व को एक साथ लाती है।

इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित निर्णयों, घटनाक्रमों को उन तमाम अधिकारियों के प्रत्यक्ष अनुभवों के जरिए शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। जिन्होंने अभियान के दौरान भारत की प्रतिक्रिया की निगरानी की थी। वहीं, साक्षात्कार के दौरान हुई बातचीत में एनएसए डोभाल ने इस सैन्य कार्रवाई के पीछे यानी पर्दे के पीछे लिए गए फैसलों और देश के दृढ़ संकल्प का व्यापक रूप से विवरण प्रस्तुत किया है।

खबर संक्षेप

भूस्खलन की चपेट में आने से बची बस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर और सोलन जिले की सीमा के पास भराड़ीघाट-नलाग



मार्ग पर देर रात अचानक पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा। इसी दौरान वहां से गुजर रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस बड़े हादसे की जद में आने से बच गई। बस चालक ने खतरे को भांपते हुए वाहन पीछे कर लिया, जिससे यात्रियों की जान बच गई। रात में अचानक पहाड़ी से पत्थरों के गिरने की आवाज आई। उस वक्त एचआरटीसी बस उसी रास्ते से गुजर रही थी।

जेली फिश के हमले से 3 परमाणु रिएक्टर बंद किए

पेरिस। जेलीफिश के एक झुंड ने फ्रांस के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में घुसकर उपकरणों पर

हमला कर इसे जाम कर दिया। इसके चलते ग्रेवलिन्स पावर स्टेशन के तीन परमाणु रिएक्टरों को मजबूरन बंद करना पड़ा। यह संयंत्र अपने रिएक्टरों को ठंडा करने के लिए समुद्री जल का उपयोग करता है। जेलीफिश समुद्री जल सेवन प्रणाली में घुस गईं और उपकरणों को जाम कर दिया।

गृह मंत्री शाह बोले- ड्रग्स तस्कर कहीं भी छिप जाएं, बच नहीं सकते

ऑपरेशन भगोड़ा के तहत यूएई से पकड़ा गया वीरेंदर, 13 हजार करोड़ केस में वांटेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वीरेंद्र बसोया का नाम उस बड़े ड्रग सिंडिकेट में सामने आया, जो भारत से बड़ी मात्रा में मेफेड्रोन विदेश भेजने की साजिश में शामिल था। पुणे पुलिस ने 21 फरवरी 2024 को दिल्ली में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिवेश चरंजीत भूतानी और संदीप कुमार राजपाल बसोया को गिरफ्तार किया था, और 970 किलो मेफेड्रोन बरामद किया

विदेशों में छिपकर भारत के खिलाफ अपराध करने पर सरकार का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को एक बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से फरार ड्रग तस्कर वीरेंदर सिंह बसोया को एयर इंडिया की फ्लाइट नम्बर 4310 से भारत वापस लाया गया है। एनसीबी ने वीरेंदर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस था।

बसोया पुणे के 6 हजार करोड़ रुपए केस का आरोपी है। वह दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल द्वारा पकड़ी गई करीब 13 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स के मामले में भी वह वांटेड है। भारत सरकार की पहल पर डिपोर्ट किया गया।

दिल्ली पुलिस के ड्रग्स के 13000 केस के मामले में मुख्य आरोपी संदीप धुनिय का वीरेंदर बसोया करीबी है। संदीप धुनिय दुबई से पाकिस्तान जाने में कामयाब हुआ।

◀ 401 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस जारी

◀ देश की 1,400 से ज्यादा एजेंसियों को इंटरपोल नेटवर्क से जोड़ा

दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस की गिरफ्त में वीरेंदर बसोया

'जीरो टॉलरेंस' का एक बड़ा उदाहरण

बसोया की गिरफ्तारी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार विदेशों में छिपे नशा तस्करों को लगातार ढूंढ रही है और उनके पूरे नेटवर्क को सख्ती से खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि एनसीबी द्वारा यूएई से बसोया को वापस लाना नशीली दवाओं के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल बर्दाश्त न करने की) नीति का एक बड़ा उदाहरण है। हमारी जांच एजेंसियों ने इस मामले की तह तक जाकर काम किया है। इससे एक बार फिर यह साबित हो गया है कि नशीले पदार्थों के तस्कर चाहें दुनिया के किसी भी कोने में छुप जाएं, वे भारतीय कानून की पहुंच से बच नहीं सकते।



लॉजिस्टिक्स कंपनियां भी थी शामिल

इस जांच में सामने आया कि इस अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क में केवल तस्कर ही नहीं, बल्कि लॉजिस्टिक्स कंपनियों का भी कथित तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इसी मामले में डेल्टा लॉजिस्टिक्स के मालिक संदीप हनुमानसिंह यादव और कंपनी के मैनेजर देवेंद्र रामफुल यादव को भी 21 फरवरी 2024 को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसियों का दावा है कि ड्रग्स की बड़ी खेप को सामान्य कंसाइनमेंट के रूप में विदेश भेजने की योजना बनाई गई थी ताकि सुरक्षा एजेंसियों की निगाह से बचा जा सके। जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी दिवेश चरंजीत भूतानी और संदीप कुमार राजपाल बसोया, वीरेंद्रर सिंह बसोया के निर्देश पर काम कर रहे थे, और बसोया इस पूरे को मुख्य रूप से चला रहा था। इसके साथ ही वीरेंद्रर बसोया का नाम केवल पुणे पुलिस के मामले तक सीमित नहीं है।

अब जल्द सूचना साझा हो रहीं

सरकार के मुताबिक पिछले 3 साल में 401 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराए गए। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों की आवाजाही सीमित होती है।

बेटा ऋषभ भी एजेंसियों के रडार पर

इस केस में उसका बेटा ऋषभ बसोया भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। ऋषभ के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है और उसके विदेश में छिपे होने की जानकारी है।

भारत आएंगे ईरान के राष्ट्रपति

ब्रिक्स सम्मलेन में शामिल होंगे मसूद पेजेशकियन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आएंगे। ईरानी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेजेशकियन की यह यात्रा सितंबर में राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए होगी। भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' विषय के तहत आयोजित किया जाएगा। भारत ने 2026 की शुरुआत में ब्राजील से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी। अक्टूबर 2024 में पेजेशकियन ने रूस के कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन

यूएई के दो टैंकरों पर ईरानी हमला

यूएई के विदेश मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार शाम को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के दो जहाजों पर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते समय हमला किया गया। मंत्रालय ने ईरान के हमलों की निंदा की और ईरान से इन हमलों को रोकने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 का खुला उल्लंघन है, जिसमें नेविगेशन की आजादी के महत्व की पुष्टि की गई थी और कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने या अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में बाधा डालने को अस्वीकार किया गया था।

होर्मुज से रोज गुजर रहा 80-90 लाख बैरल तेल

अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट से प्रतिदिन 80 लाख से 90 लाख बैरल तेल का आवागमन हो रहा है। इसके अलावा 60 लाख बैरल तेल पाइपलाइनों के जरिए भेजा जा रहा है।

आत्मनिर्भरता के साथ सैन्य आधुनिकीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री

■ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सैनिकों को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता और सैन्य आधुनिकीकरण पर खास जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एक आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार रक्षा क्षेत्र द्वारा संचालित सैन्य बलों के आधुनिकीकरण को शीर्ष प्राथमिकता दे रही है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसी पहल के जरिए पिछले 12 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। जिनकी मदद से हमारा देश एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है। जो न केवल अपनी जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर रहा है। बल्कि एक वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र और शुद्ध रक्षा निर्यातक के रूप में भी उभर रहा है। रक्षा मंत्री का यह संबोधन आकाशवाणी के माध्यम से किया गया है।

12 महीने में दिए 8.75 लाख करोड़ के एओएन: उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में मंत्रालय ने रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के माध्यम से 8.75 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सैन्य परियोजनाओं के लिए आवश्यकताओं की स्वीकृति यानी एओएन प्रदान किए हैं। यह साफ तौर पर रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण को प्रदर्शित करता है। इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए केंद्र सरकार ने बुनियादी सुधारों को क्रियान्वित किया है। जिसमें फील्ड सैन्य कमांडरों की वित्तीय सीमा को दोगुना करना, स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना और राजस्व मार्ग से 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की खरीद सुविधा प्रदान करना मुख्य रूप से शामिल है।

रक्षाकर्मियों के परिजनों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध: उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। यह सभी हमारे लिए सम्मान, गरिमा और आत्मसम्मान का प्रतीक हैं। इस क्रम में बीते 5 साल में पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के बजट में 300% की वृद्धि की गई है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष के तहत निर्धनता अनुदान को 4 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए कर दिया गया है। शिक्षा अनुदान 1 हजार से बढ़ाकर 2 हजार और विवाह अनुदान 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख तक कर दिया गया है। यह तमाम निर्णय सैनिकों और परिवारों के कल्याण को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

सेना के लिए होगी लाइटरिंग म्यूनिशन की खरीद: उधर, रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए लाइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम की खरीद के लिए 1 हजार 577 करोड़ रुपए के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। जो कि टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड और निबे प्राइवेट लिमिटेड के साथ किए गए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की इस दौरान मौजूदगी रही। यह सिस्टम एक महत्वपूर्ण हथियार प्रणाली है। जिसे सेना के तोपखाना दस्ते की क्षमता बढ़ाने व उसकी समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

सीआरपीएफ के 19 जवानों की मौत का जिम्मेदार कौन?

सीआरपीएफ के 19 जवानों की आत्महत्या पर मानवाधिकार आयोग सख्त, केंद्रीय गृह सचिव से मांगा 2 हफ्ते में जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। इस वर्ष जनवरी से 22 मई के बीच 19 सीआरपीएफ जवानों की आत्महत्या की रिपोर्ट पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्रीय गृह सचिव और सीआरपीएफ के महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने पूरे मामले पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया रिपोर्ट में सामने आए तथ्य सही हैं तो यह देश के सबसे बड़े केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में कार्यरत जवानों के जीवन के अधिकार के उल्लंघन से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है। आयोग ने मामले को केवल आत्महत्या के आंकड़ों तक सीमित न रखते हुए जवानों की सेवा परिस्थितियों और उनके जीवन की सुरक्षा से जुड़े मानवीय पहलुओं पर भी सवाल उठाया है।

पांच साल में 281 जवानों ने की आत्महत्या: आयोग ने जिस मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया, उसके अनुसार पिछले पांच वर्षों में 281 सीआरपीएफ कर्मियों ने आत्महत्या की। आंकड़ों के मुताबिक 2021 में 57, 2022 में 43, 2023 में 57, 2024 में 46 और 2025 में सर्वाधिक 59 जवानों ने आत्महत्या की। वर्ष 2026 में 22 मई तक 19 मामले सामने आ चुके थे।

इन आंकड़ों का एक और चिंताजनक पहलू यह है कि 281 में से करीब 216 मौतें यानी लगभग 77 प्रतिशत उस समय हुईं जब जवान ड्यूटी पर थे, जबकि 65 जवानों ने छुट्टी के दौरान आत्महत्या की।

2025 में पांच साल का सबसे बड़ा आंकड़ा: उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में सीआरपीएफ में आत्महत्या के 59 मामले सामने आए, जो पांच साल में सबसे अधिक थे। इससे पहले 2021 और 2023 में 57-57, 2022 में 43 और 2024 में 46 मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष मई तक 19 मामलों का सामने आना भी चिंता बढ़ाने वाला है।

ड्यूटी और निजी जिंदगी के बीच संतुलन बड़ी चुनौती: मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह भी बताया गया है कि कई मामलों में सीआरपीएफ कर्मियों को पेशेवर जिम्मेदारियों और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। हालांकि, आत्महत्या के प्रत्येक मामले के पीछे अलग-अलग परिस्थितियां हो सकती हैं और केवल उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किसी एक कारण को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। इसी वजह से मानवाधिकार आयोग ने विस्तृत रिपोर्ट तलब कर मामले की वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाने की पहल की है।

आयोग ने मांगा पूरा ब्यौरा: आयोग की कार्रवाई का अगला महत्वपूर्ण चरण केंद्र सरकार और सीआरपीएफ की रिपोर्ट होगी। दो सप्ताह के भीतर मांगी गई रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि पिछले वर्षों में जवानों की आत्महत्या के मामलों का विश्लेषण किस तरह किया गया, ऐसे मामलों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए और जवानों तथा उनके परिवारों को किस प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है और आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियानों, कानून-व्यवस्था तथा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा जैसी अत्यंत संवेदनशील जिम्मेदारियां निभाता है।

'सिर्फ आंकड़ा नहीं, जीवन के अधिकार का सवाल': आयोग की टिप्पणी इस पूरे मामले को एक व्यापक मानवाधिकार परिप्रेक्ष्य देती है। आयोग ने साफ कहा है कि यदि रिपोर्ट में सामने आए तथ्य सही हैं तो मामला जवानों के जीवन के अधिकार से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ऐसे में गृह मंत्रालय और सीआरपीएफ की रिपोर्ट पर निगाहें रहेंगी। यह रिपोर्ट न केवल मौजूदा 19 मामलों की परिस्थितियों पर रोशनी डाल सकती है, बल्कि पिछले पांच वर्षों में सामने आए 281 मामलों के पैटर्न और जवानों की कार्य परिस्थितियों को लेकर भी महत्वपूर्ण तस्वीर पेश कर सकती है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109